# नेतागिरी चमकाने को यूपीसीए पर आरोप

● नाम लिए बगैर मीडिया चेयरमैन ने कहा पूर्व मंत्री ने की बेवजह की बयानबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के एक पूर्व मंत्री ने बीते दिनों उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) पर लगाए गंभीर थे। आरोपों को शनिवार मीडिया कमेटी के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले इस समय खाली बैठे हैं और अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए मीडिया में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। हालांकि चेयरमैन ने उनका नाम नहीं लिया, मगर जवाब में कहा पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज विभाग के पूर्व राज्य मंत्री ने कहा था कि खिलाड़ियों का चयन ले-देकर किया जाता है। उन्हीं आरोपों का चेयरमैन ने एक प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से जवाब दिया।


संजय कपूर।

डॉ. संजय कपूर ने कहा कि जो लोग यूपीसीए की चयन प्रणाली पर उंगली उठा रहे हैं, उन्हें देखना चाहिए कि चार दशकों से हमेशा भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी प्रतिभाग करते आए हैं। वर्तमान में भी चार खिलाड़ी टीम इंडिया का हिस्सा हैं। इन खिलाड़ियों का यदि बैक ग्राउंड देखा जाए तो वह सभी सामान्य घरों से हैं। हमारी किसी भी घरेलू टीम के खिलाड़ियों को भी देखे तो 90 प्रतिशत ऐसे खिलाड़ी होंगे जिनके घर की स्थिति बहुत सामान्य होगी। पैसा लेकर टीम में चयन के आरोप बेबुनियाद हैं। आयकर चोरी के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि यूपीसीए ने पिछले साल ही 140 करोड़ रुपये टैक्स जमा किये थे, जिसमें 8 करोड़ रुपये रिवर्स हुआ था। रिफंड भी आया।

# पारा गिरने से ऊपर चढ़ने लगा बीपी

संडे स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ उच्च रक्तचाप पीड़ित अपनी दवा की डोज सेट कराएं, वर्ना बन सकता स्ट्रोक या हार्ट अटैक का खतरा

▸▸ मौसम में सर्दी बढ़ने पर बीपी अनियंत्रित होना सामान्य समस्या, घबराने से ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत

**अमृत विचार।** रात में पारा गिरने के साथ ही उच्च रक्तचाप यानी हाइपरटेंशन से पीड़ित लोगों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। तमाम लोगों का बीपी बेकाबू होने लगा है। ऐसे में चिकित्सकों ने एहतियात बरतने और जरूरत देखकर दवा की डोज में बदलाव नहीं करने पर पीड़ितों को ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक के खतरे के प्रति अगाह किया है। हालांकि चिकित्सकों के मुताबिक इसमें घबराने जैसा कुछ भी नहीं है, क्योंकि मौसम में सर्दी बढ़ने पर बीपी का अनियंत्रित होना सामान्य समस्या है। ठंड में बीपी अचानक घटने-बढ़ने पर रक्त धमनियों के सिकुड़ने से शरीर में खून की आपूर्ति करने के लिए हृदय को अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ता है।


अस्पताल आए मरीज। अमृत विचार

हृदय रोग के चिकित्सकों का कहना है कि जिन लोगों को ब्लड प्रेशर की समस्या है और वह अभी भी गर्मी के मौसम में निर्धारित की गई दवा की खुराक का सेवन कर रहे हैं, उन्हें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्मी वाली बीपी की दवा सर्दी में खाने से दिल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। स्ट्रोक व हार्ट अटैक की संभावना बन सकती है। ऐसे में जिन रोगियों ने अभी तक दवा की डोज में बदलाव नहीं किया है, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क कर दवा में बदलाव करवाना चाहिए। लापरवाही दिखाने के कारण ही एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होना शुरू हो गया है। ऐहतियात के लिए तले-भुने भोजन और अधिक नमक युक्त खानपान से बचना होगा। नियमित व्यायाम करना चाहिए। पसीना नहीं निकलने के अलावा भी कई कारण हैं जो बीपी को अनियंत्रित कर देते हैं।

### बीपी कम होने से भी बढ़ती समस्या

■ वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि सिस्टोलिक यानी ऊपर का बीपी 90 के नीचे आने से शरीर के दूसरे अंग फेल होने लगते हैं। सिस्टोलिक बीपी 100 से कम नहीं होना चाहिए। डायस्टोलिक यानी नीचे का बीपी 80 से कम होने पर दिक्कत होती है। इससे नसों में खून नहीं पहुंचता है। रक्त का प्रेशर कम होने से नसें सिकुड़ने लगती हैं।

# कार्डियोलॉजी में 2 दिन में पहुंचे 2 हजार मरीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कार्डियोलॉजी संस्थान की ओपीडी में अचानक मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। शुक्रवार व शनिवार को 2 दिन में संस्थान की ओपीडी में करीब 2 हजार मरीज पहुंचे। इनमें महिलाओं की संख्या करीब 40 प्रतिशत रही। 40 फीसदी नए रोगी सीने में दर्द, जकड़न, उच्च रक्तचाप, माइल्ड हार्ट अटैक व स्ट्रोक के भी पहुंचे। डॉ.अवधेश शर्मा ने बताया कि दो दिनों में 10 फीसदी नए बीपी के रोगी आए हैं। 60 फीसदी पुराने रोगियों में भी बीपी की समस्या लेकर 20 फीसदी से ज्यादा रोगी आए। इनमें अधिकतर अपनी बीपी की दवा अनियमित तरीके से ले रहे थे। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण भी बीपी की समस्या रोगियों में बढ़ी है। ऐसे में जरूरी है कि रोगियों को अपने डॉक्टर से संपर्क कर दवा में परिवर्तन कराना चाहिए। क्योंकि हवा में नमी की वजह से बीपी कम होता है।

### ये बरतें सावधानी

- बीपी के मरीज व 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोग नियमित जांच कराएं।
- ठंड का एहसास होने पर गर्म पानी व भोजन का प्रयोग करें।
- नियमित व संतुलित आहार लें, मौसमी फलों का प्रयोग करें।
- प्रतिदिन 30 मिनट पैदल जरूर चलें, हल्का व्यायाम करें।

"बीपी के रोगियों को दवा का सेवन नियमित व सीमित मात्रा में करना चाहिए। शरीर को जितनी दवा की जरूरत हो, उतनी ही खानी चाहिए। अधिक दवा के सेवन से पल्स रेट कम होने लगते है, जिससे हार्ट फेल तक की नौबत आ सकती है। लापरवाही बरतने पर संबंधित मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है।

– डॉ. राकेश वर्मा, निदेशक, कार्डियोलॉजी संस्थान

# गंगा में नालों का पानी सीधे बहने का खतरा

## केस्को ने बिजली बिल बकाये में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कनेक्शन काटने की दी है चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ जाजमऊ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर 298 करोड़ रुपये बिजली का बिल बकाया

▸▸ केआरएमपीएल कंपनी करती है प्लांट संचालन, 9 माह से नहीं जमा किया बिजली बिल

**अमृत विचार।** प्रयागराज में महाकुंभ से पहले गंगा में गंदा पानी जाने से रोकने की कोशिशों को पलीता लग सकता है। बिजली के बिना जाजमऊ स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन ही ठप हो सकता है। केस्को ने 298 करोड़ रुयये बकाया जमा नहीं होने पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की बिजली काटने का नोटिस जारी किया है। प्रबंध निदेशक केस्को ने जिलाधिकारी , मंडलायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अगर बकाया निर्धारित अवधि में जमा नहीं होगा तो बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा।


गंगा में गिरता गंदा पानी। अमृत विचार

जाजमऊ के वाजिदपुर में स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन केआरएमपीएल कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कंपनी को हर माह की 26 तारीख तक बिजली के बिलों का भुगतान करने का आदेश है, लेकिन कंपनी पिछले 9 माह से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रही है। परिणाम स्वरूप बकाया लगातार बढ़ता जा रहा है। केस्को प्रबंधन की ओर से भेजी गई नोटिस में बताया गया है कि 9 माह का कुल बकाया 298.41 करोड़ रुपये हो गया है। केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में इसे लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि यह खेद का विषय है कि प्रत्येक माह की 26 तारीख को केआरएमपीएल को भुगतान करने का निर्देश है, बावजूद इसके कंपनी आदेश का पालन नहीं कर रही है। बिजली बिल का बकाया 298.41 करोड़ रुपये अगर निर्धारित अवधि में जमा नहीं किया गया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने बकाये को लेकर प्रबंध निदेशक पावर कॉर्पोरेशन, मंडलायुक्त और प्रबंध निदेशक जल निगम को भी अवगत कराया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि बिजली का कनेक्शन यदि काटा जाता है तो नालों का पानी बिना शोधित हुए सीधे गंगा में बहेगा। ऐसी स्थिति में प्रयागराज में शुरू होने जा रहे महाकुंभ में स्नान के लिए गंदा पानी ही मिलेगा। वैसे भी अभी तमाम नालों का पानी गंगा में जा रहा है। उन्हें रोकने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदेश देता है पर इस आदेश का पालन नहीं होता। इसी कारण गंगा के पानी की मलिनता नहीं दूर हो पा रही है। अगर बिजली कनेक्शन काट दिया गया और एसटीपी बंद हुई तो फिर गंगा का पानी पूरी तरह दूषित हो जाएगा।

### 4 पंपिंग स्टेशनों का 27.88 करोड़ बकाया

■ केस्को प्रबंध निदेशक ने पंपिंग स्टेशनों के संचालन के लिए दी जा रही बिजली के बिल का भुगतान नहीं करने पर भी नाराजगी जताई है। 4 पंपिंग स्टेशनों का बिजली मद में बकाया 27 .88 करोड़ रुपये हो गया है। केस्को ने यह भुगतान नहीं होने पर पंपिंग स्टेशनों का भी कनेक्शन काटने की चेतावनी दी है।

# वृद्ध दंपति को पीटा चेन लूट का आरोप

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में दहेली सुजानपुर में वृद्ध दंपति को पड़ोसी ने शराब के लिए रुपये न देने पर लाठी डंडों से पीटा। आरोप है कि आरोपियों ने उनसे चेन लूट भी की। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है।

दहेली सुजानपुर निवासी महेश कुमार मिश्रा के अनुसार वह जल निगम से रिटायर हैं और पत्नी पुष्पा के साथ रहते हैं। आरोप है कि आरोपी पड़ोसी सर्वेश व उनका बड़ा भाई संतोष अक्सर शराब के लिए रुपयों की मांग करते हैं।, रुपये न देने पर वह मारपीट करते हैं। पीड़ित के अनुसार बीते शनिवार की सुबह वह घर के दरवाजे के सामने सफाई कर रहे थे। तभी आरोपी सर्वेश और संतोष ने उन्हें लाठी डंडों से पीटा। उन्हें बचाने दौड़ी पत्नी पुष्पा को भी पीटा। इसी दौरान आरोपियों ने पत्नी के गले से चेन लूट ली। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है

# बैंक लोन के कागजों में मुर्दा करता रहा हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कोतावाली थानाक्षेत्र की घटना कोर्ट के आदेश पर कारोबारी व फर्म पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक चौकानी वाली घटना हुई। जहां एक कारोबारी ने मृत व्यक्ति को जिंदा दिखाकर उसके नाम पर फर्जी प्रपत्रों को तैयार करके बैंक से लोन ले लिया। बैंक के अधिकारियों का आरोप है, कि आरोपी शख्स बैंक आता रहा और प्रपत्रों में बेखौफ होकर हस्ताक्षर करता रहा। शाखा प्रबंधक ने कारोबारी व उसकी फर्म के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मेस्टन रोड शाखा में स्थित बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रजत दुग्गल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मेसर्स हीना ट्रेडर्स के प्रोपराइटर मीरपुर कैंट निवासी मेहरुद्दीन ने वर्ष 2013 में बैंक से 30 लाख का कैश क्रेडिट लोन लिया। यह खाता वर्ष 2022 में एनपीए हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार लिमिट में मेहरुद्दीन ने शांति नगर कैंट निवासी राम चन्द्र गुप्ता के प्लॉट ब्लॉक ई योजना 2 किदवई नगर जो कि केडीए से पट्टे पर है, को बंधक रखा था। रिपोर्ट के अनुसार लोन अकाउंट में दस्तावेजों का रिन्यूवल होता है। रामचन्द्र गुप्ता खुद बैंक आकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते थे। जब खाता एनपीए हुआ तो बैंक ने जांच की जिसमें पता चला कि राम चन्द्र गुप्ता की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है। 12 मई 2012 को उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बैंक को मिल गया। जांच में पता चला कि कोई अन्य व्यक्ति राम चन्द्र गुप्ता के स्थान पर आकर हस्ताक्षर करता रहा है। जिस प्लॉट की लीज डीड बैंक में दाखिल की गई थी वह पहले ही राम चन्द्र गुप्ता के वारिसों के नाम पर फ्री होल्ड हो चुकी है।

# 12,651 लाभार्थी महीनों से भटक रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ 11 हजार वृद्धों की पेंशन नहीं मिलने से फीकी रह गई थी दीपावली

▸▸ आपराधिक घटना के शिकार अनुसूचित जाति के पीड़ित भी निराश

**अमृत विचार।** पति की मृत्यु के बाद मिलने वाली आर्थिक सहायता हो या आपराधिक घटना के शिकार अनुसूचित जाति, जनजाति के पीड़ित सभी निराश हैं। समाज कल्याण विभाग से संचालित योजना वृद्धा पेंशन, पारिवारिक, एससी-एसटी उत्पीड़न का लाभ 12,651 लाभार्थियों को बजट के अभाव में नहीं मिल पा रहा है। फरियादी 4 माह से विभाग के चक्कर काट रहे हैं और अफसर उन्हें लौटा रहे हैं। बजट कब आएगा, कब पेंशन या मदद मिलेगी, यह बताने वाला कोई नहीं है। योजनाओं में करीब 6.74 करोड़ रुपये का भुगतान होना है।

समाज कल्याण विभाग गरीब वर्ग को वृद्धा पेंशन, पारिवारिक लाभ और एससी-एसटी वर्ग के पीड़ितों को आर्थिक मदद देता है। वृद्धा पेंशन योजना के तहत प्रति माह एक हजार रुपये और पारिवारिक लाभ योजना में 30 हजार और उत्पीड़न के मामले में घटना के आधार पर राहत राशि दी जाती है। जून माह में पारिवारिक लाभ योजना के 774 लाभार्थियों को 2.32 करोड़ रुपये और एससी-एसटी वर्ग उत्पीड़न के 239 पीड़ितों को 1.20 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। सितंबर के अंत में करीब 77 हजार लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन की धनराशि मिली। शेष 11 हजार लाभार्थियों को पैसा ही नहीं जारी किया गया। इससे वृद्धों की दीपावली फीकी रही।

| एससी-एसटी उत्पीड़न के मामले | |
|---|---|
| हत्या | 7 |
| बलात्कार | 18 |
| हत्या का प्रयास | 4 |
| अन्य मामले | 337 |

### सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित को 8 लाख की सहायता

■ सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में एससी-एसटी वर्ग के पीड़ित को 8 लाख रुपये मिलते हैं। इसमें मेडिकल रिपोर्ट के बाद एफआईआर दर्ज होते ही 4 लाख, आरोपपत्र दाखिल होने पर 2 लाख और 2 लाख रुपये कोर्ट का फैसला आने के बाद जारी किया जाता है। दुष्कर्म मामले में 5 लाख रुपये की सहायता मिलती है।

"सभी योजनाओं में बजट केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से जारी होता है। शासन को पत्र लिखकर बजट की मांग की गई है। केंद्र को भी पत्र लिखा गया है। जल्द ही लाभार्थियों को पैसा मिलेगा।

–शिल्पी सिंह, समाजकल्याण अधिकारी

# सवारी बनकर महिलाओं ने पार किए लाखों के जेवरात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में शिवा जी पुलिया के पास हुई घटना

▸▸ ससुराल से अपने बेटे के साथ मायके जा रही थी पीड़ित महिला

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में ई-रिक्शे से ससुराल से अपने मायके जा रही महिला से सवारी बनकर बैठी दो महिला चोरों ने बैग से लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। घर पहुंचने पर महिला को घटना की जानकारी हुई। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जूही कला केशव नगर कैनाल रोड निवासी महिला गुड़िया देवी के अनुसार तीन नवंबर को वह अपने बेटे के साथ ससुराल से मायके केशव नगर जा रही थी। नौबस्ता चौराहे पर मैजिक से उतरकर उस्मानपुर चौकी के सामने ई-रिक्शे में बैठकर शिवा जी पुलिया में उतर गई।

घर पहुंच कर जब उन्होंने बैग खोलकर देखा तो उसमें ज्वेलरी से भरे दो छोटे बैग गायब थे। बैगों में दो सोने की चेन, चार सोने की अगूंठी, एक टीका, सोने का हार, मगंलसूत्र समेत अन्य जेवरात थे।

महिला के अनुसार ई-रिक्शे में दो महिलाएं सवारी बनकर बैठ गई थी। इसके बाद उन महिलाओं में एक महिला ने उनके बेटे को अपने गोद में बैठाल लिया और घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत हनुमंत विहार थाने में की। पुलिस तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर महिलाओं की तलाश कर रही है।

# सांड़ के हमले में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सचेंडी थाना क्षेत्र में बाइक से घर लौटते समय दौड़ते सांड़ ने भाभी और देवर को पटका

**अमृत विचार।** शहर और आउटर इलाकों में बेसहारा जानवर सड़कों पर न सिर्फ अड्डा बनाए हैं, बल्कि धमाचौकड़ी करते नजर आते हैं। इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सचेंडी थानाक्षेत्र में भांजे की मौत के बाद भाभी को बाइक से लेकर घर लौट रहे देवर को सामने से दौड़ते आ रहे सांड़ ने टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरा तो सींगों से उठाकर पटक दिया।


दुर्गेश पांडेय।

सिर से खून रिसने पर उसकी हालत बिगड़ गई भाभी का कंधा टूट गया। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। युवक को डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

भीमसेन गढ़ी सचेंडी निवासी 27 वर्षीय दुर्गेश पांडेय मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार में पत्नी तनु, बेटा कृष्णा और काव्या है। बड़े भाई रवि पांडेय ने बताया कि सचेंडी के रातेपुर में भांजे नैतिक की मौत हो गई थी। इस पर वह उनकी पत्नी सुधा को लेकर बाइक से 5 नवंबर को गया था। रात में वापस आते समय रातेपुर और फत्तेपुर गांव के बीच बाइक को तेजी से दौड़ते आ रहे सांड़ ने टक्कर मार दी। इससे दोनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े।


जानकारी देता मृतक का बड़ा भाई।

मृतक दुर्गेश की घायल भाभी सुधा ने बताया कि सांड़ ने देवर को उठाकर पटक दिया। उसका सिर लहूलुहान हो गया, उनका कंधा टूट गया। लोगों ने परिजनों को सूचना दी। निजी वाहन से अस्पताल भिजवाया। कल्याणपुर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दुर्गेश की शुक्रवार रात मौत हो गई। सुधा का उपचार चल रहा है। कल्याणपुर पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की। यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई लोग सड़क पर डेरा जमाए जानवरों की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं।

### हाल के जानलेवा हादसे

- मार्च 2024 में छावनी में वृद्ध इखलाख को सांड़ ने कई बार सड़क पर पटका, मौत।
- 26 जुलाई 2023 को बादशाहीनाका में वृद्धा कविता की सांड़ ने पटक कर जान ली।
- 29 अप्रैल 2023 को काकादेव में 42 वर्षीय विमल कुमार मिश्रा की दो सांड़ों की लड़ाई में जान गई।
- 19 जनवरी 2019 को शास्त्री नगर में 62 वर्षीय राजेंद्र कुमार की सांड़ के हमले में मौत।

सीएमई | वायु सेना अस्पताल में स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा पर दिया गया जोर

# स्वास्थ्य सेवा में सीखने और सहयोग की संस्कृति जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वायु सेना अस्पताल में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा बढ़ाने के लिए दो दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया। कार्यशाला में देश भर के स्वास्थ्य पेशेवरों ने अपना ज्ञान साझा किया। इस दौरान रोगी की बेहतर देखभाल के लिए अस्पताल स्टॉफ को एकजुटता से कार्य करने का मंत्र दिया गया।


सोवेनियर दिखाते एयर मार्शल पवन कुमार (सेवानिवृत्त) और एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर कमोडोर शमशेर सिंह दलाल।

'स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता और सुरक्षाः अवधारणाएं और कार्यान्वयन' विषयक कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को रोगी देखभाल और संतुष्टि में सुधार के लिए आवश्यक उपकरणों और तकनीक के साथ सशक्त बनाना रहा। इसमें रक्षा और नागरिक स्वास्थ्य सेवा दोनों क्षेत्रों के स्वास्थ्य देखभाल प्रशासकों, चिकित्सकों और नर्सों ने अपनी प्रस्तुतियों और इंटरैक्टिव चर्चाओं की श्रृंखला के माध्यम से विशेषज्ञता साझा की। समारोह के दौरान एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर कमोडोर शमशेर सिंह दलाल ने देश के वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने देखभाल के उच्चतम मानकों और रोगी परिणामों को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासकों और स्वास्थ्य कर्मियों सहित सभी हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि एयर मार्शल पवन कुमार (सेवानिवृत्त) पूर्व डीजीएमएस (वायु) और अध्यक्ष नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड ऑफ हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) मौजूद रहे। उन्होंने उत्कृष्टता, गुणवत्ता सुधार पहल लागू करने और बनाए रखने में प्लान-डू-स्टडी-एक्ट (पीडीएसए) चक्र के महत्व पर जोर दिया। देखभाल की गुणवत्ता में सुधार पर प्रो. विक्रम दत्ता द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीएमई में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के चिकित्सा और नर्सिंग अधिकारियों के एक विविध समूह ने भी भाग लिया। आयोजन ने निरंतर सीखने और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा दिया, जिससे प्रतिभागियों को अपने संबंधित संस्थानों में गुणवत्ता सुधार पहल को लागू करने के लिए प्रेरणा मिली।

# सीएसजेएमयू में दिया गया प्रशिक्षण

**कानपुर।** सीएसजेएमयू स्थित सीनेट हाल में शनिवार को परीक्षा संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों को विद्यार्थियों का समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं अन्य अकादमिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया गया कि राजभवन एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 में प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया गया है। विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म भी समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही पूरित किया जायेगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैने अपना नाम Raj Kumar Tiwari से बदलकर Udaibhan Tiwari रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम सेजाना व पहचाना जाये। Udaibhan Tiwari S/O Rajmani Tiwari, R/O Village-Pakdi, Post Jaitapur, PS. Gaura Chauraha, Tehsil- Tulsipur, Distt- Balrampur,-271604

सूचना
पासपोर्ट में मेरा नाम सौमिल पिता का नाम नरेश बाबू व माता का नाम मधुवाला अंकित है जबकि मेरा सही नाम सौमिल चौधरी व मेरे पिता का नाम नरेश चौधरी व मेरी माता का नाम मधुवाला चौधरी है. अब हम लोग इसी नाम से जाने जाते है। **सौमिल चौधरी पुत्र नरेश चौधरी, निवास– प्रोफ़ेसर कॉलोनी पक्का तालाब, इटावा, उत्तर प्रदेश, पिन 206001**

सूचना
मेरा पुत्र मुकेश बाबू एवं पुत्रवधू दीपा मेरे एवं मेरी पत्नी मुन्नी देवी के साथ गाली गलौज करते हैं जिससे हम लोग मानसिक रूप से परेशान हैं। इसलिए मैंने अपने पुत्र एवं पुत्रवधू से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई उनसे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। **छोटेलाल पुत्र राम बख्श निवासी आलमपुर विबौली कंधेसी पचार भरथना, इटावा**

**आज का मौसम**

आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

| 32.2° | 17.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 24 | सूर्यास्त 05 : 21 |

### सुरेश खन्ना ने मंच से सुनाई शायरी

- सीएम के पहुंचते ही संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मंच से शायरी सुनाई। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भी सीसामऊ के भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के लिये वोट मांगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय ने भी प्रत्याशी के पक्ष में मंच से माहौल बनाया।

### हैलीपैड पर शक्ल दिखाने के लिए लगी होड़

- सीएम योगी के हैलीपैड पर आगमन पर पूर्व मंत्री अरुणा कोरी, सरदार हरमिंदर सिंह लॉर्ड, पूर्व विधायक केके सचान समेत दर्जनों लोगों ने स्वागत किया। हेलीपैड प्रस्थान के समय जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, प्रमोद त्रिपाठी, रोहित साहू, पूर्व विधायक आरपी कुशवाहा, सलीम अहमद सिमरनजीत सिंह, गोविंद मोहन शुक्ला, आलोक कुमार पांडे, शैलेंद्र द्विवेदी आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट किया।

### जनवरी से मेट्रो में 50 हजार लोग सफर करेंगे

- मुख्यमंत्री ने मंच से जनवरी 2025 में आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो यात्री सेवा आरंभ करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैंने हेलीकॉप्टर से देखा कि कानपुर में शान से मेट्रो चल रही है। जनवरी में इसका दूसरा सेक्शन खुलेगा तो प्रतिदिन 50 हजार लोग इसमें यात्रा करेंगे।





जनसभा में जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद रमेश अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक अभिजीत सिंह सांगा व शंखनाद करता कार्यकर्ता। अमृत विचार

# बाबा वनखंडेश्वर और आनंदेश्वर की जयकार से जोड़ा रिश्ता

## मुख्यमंत्री ने वृंदावन बिहारी लाल, राधे-कृष्णा की जय और जय श्रीराम... के जयघोष से शुरू किया संबोधन, कार्यकर्ता दिखे उत्साहित

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- सीसामऊ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के समर्थन में जनसभा में दिखा हिंदुत्व का ज्वार
- कांग्रेस, सपा और बसपा पर जमकर बरसे सीएम योगी आदित्यनाथ ने दोहराया बंटोगे तो कटोगे का नारा

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा में भाजपा की जीत का सूखा खत्म करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम लगभग 5 बजे को जैसे ही दर्शनपुरवा सेंट्रल पार्क में आयोजित जनसभा के मंच पर पहुंचे भीड़ ने योगी...योगी... के उद्घोष से उनका अभिवादन और स्वागत किया। जवाब में मुख्यमंत्री भी पीछे नहीं रहे उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत वृंदावन बिहारी लाल की जय, राधे-कृष्ण की जय और जय श्री राम के जयघोष से की। इसके बाद शहर के प्रमुख शिव मंदिर बाबा वनखंडेश्वर और बाबा आनंदेश्वर की जयकार करके जनता से रिश्ता जोड़ा। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर 'बंटोगे तो कटोगे- एक रहोगे तो सेफ रहोगे' का नारा दोहराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 500 वर्षों बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं, जबकि 2017 से पहले समाजवादी पार्टी दुष्कर्मी और अराजकतत्वों को साथ लेकर चलती थी। यह लोग माफिया व अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों और दंगाइयों को गले लगाकर दंगे की आग में झोंकने का प्रयास करते हैं।

सीएम योगी का मंच पर सीसामऊ विधानसभा के मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे, अभिमन्यु सक्सेना, करण यादव, मंडल प्रभारी आनंद मिश्रा, नवाब सिंह, दीपक सिंह, मुनेंद्र राजपूत, धीरज साहू ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। मंच पर सांसद देवेंद्र सिंह व रमेश अवस्थी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व दीपू पांडे, दिनेश कुशवाहा, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, एमएलसी मानवेंद्र सिंह, सलिल बिश्नोई, अरुण पाठक , विधायक अभिजीत सिंह सांगा उपस्थित रहे।

### जेल में दंगाई फिर भी निर्दोष बता रहे सपाई

- पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी का नाम लिए बिना सपा पर हमला बोलते मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर का दंगाई जेल में है, लेकिन सपाई उसे निर्दोष मानते हैं। सपाई निर्दोष नागरिकों पर संवेदना नहीं व्यक्त करते, लेकिन माफिया के यहां फातिहा पढ़ने चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि 1984 में सिख बंधुओं के साथ जिस निर्ममता के साथ बर्बर अत्याचार हुआ था, यह कांग्रेस के चेहरे को दिखाता है। सपा-बसपा व कांग्रेस एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं।



जयघोष के जवाब में अभिवादन करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

## भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी आज आएंगे

**कानपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह सीसामऊ विधानसभा में संगठनात्मक बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। इसके लियो रविवार को शहर आएंगे। भूपेंद्र चौधरी दोपहर 12 बजे गैंजेस क्लब में चुन्नीगंज मंडल के प्रभारी, प्रवासी, पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी प्रवासियों की एक बैठक को संबोधित करेंगे। वह रायपुरवा मंडल की बैठक होटल द ब्रिज जीटी रोड में दोपहर 2 करेंगे। कौशलपुरी मंडल की बैठक शाम 4 बजे सांझा हाल बंबा रोड सब्जी मंडी में करेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शाम 6 बजे दर्शन पुरवा में सुरेश अवस्थी के समर्थन में जनसंपर्क करेंगे। रात 8 बजे चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करेंगे।



कार्यक्रम स्थल से पहले बेरीकेडिंग लगाकर रोके गए वाहन सवार। अमृत विचार

### सभा खत्म होते ही मची अफरा तफरी

- जैसे ही सभा खत्म हुई और मुख्यमंत्री ने मंच छोड़ा, अफरातफरी मच गई। मुख्यमंत्री की फ्लीट सेंट्रल पार्क पहुंची ही थी कि ज्यादातर पुलिस कर्मियों ने अपना ड्यूटी प्वाइंट छोड़ दिया। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस रास्ते वापस नहीं जाना था। अफरातफरी का माहौल होने से सबसे ज्यादा परेशानी उन दो पहिया वाहन स्वामियों की वजह से हुई जो मुख्यमंत्री की सभा में आने से पहले अपने वाहन कुछ दूरी पर पार्क करके आए थे।

# अस्पताल, गेस्ट हाउस, होटल और शोरूम्स में तैनात रहे सुरक्षा कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुरक्षा में लगाए 27 बैरियर 200 से ज्यादा दुकानें बंद कराईं
- शटर गिरवाए, रूफ टॉप ड्यूटी पर बाइनाकुलर लिए सतर्क रहे पुलिस जवान

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए सभा करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया। आईआईटी गेट से मुख्यमंत्री की फ्लीट एग्जिट कराई गई और संत नगर चौराहे से चुनावी सभा स्थल के लिए इंट्री हुई। रास्ते में 27 बैरियर लगाए गए थे। जिस तरफ बैरियर खुल रहा था उस तरफ मुंह करके पुलिस कर्मी हर तीन मीटर पर तैनात रहे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर सभा स्थल के आसपास 200 से ज्यादा दुकानें बंद कराई गईं।

मुख्यमंत्री की फ्लीट के रास्ते पर एक गेस्ट हाउस, तीन हॉस्पिटल के बाहर पुलिस टीम तैनात की गई थी। गलियों के बाहर चैनल बैरियर और फिर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ थाना पुलिस कर्मी लगे रहे। ऊंची इमारतों पर रूफ टॉप ड्यूटी पर तैनाती की गई थी। यहां सुबह से ही ड्रोन से निगरानी की गई। शनिदेव मंदिर चौराहे से फ्लीट के अंदर जाने का रास्ता बनाया गया था।

जेके मंदिर से संत नगर चौराहे तक पुलिस ने दुकानें बंद करा दीं। संत नगर चौराहे से सीएम की फ्लीट को दाखिल करना था लिहाजा यहां से यातायात जीरो कर दिया गया, गलियां पूरी तरह से सील रहीं।

### 'बंटोगे तो कटोगे' के पोस्टर लेकर पहुंचे लोग

- सभा में भाजपा नेता, पार्षद व समर्थक बंटोगे तो कटोगे के पोस्टर हाथों में लेकर पहुंचे। सभा के दौरान बंटोगे तो कटोगे के नारे भी लगे।

### लोकसभा चुनाव में गुमराह किया गया था

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने लोगों को गुमराह किया था। अब जनता समझ चुकी है। 2 दिन पहले ही जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया है कि कश्मीर में फिर से धारा 370 की बहाली होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर नहीं चाहते थे कि संविधान में अनुच्छेद 370 जुड़े, लेकिन नेहरू की जिद ने जबर्दस्ती इसे जुड़वाया। देशहित में प्रधानमंत्री मोदी ने 35 ए और 370 को हटा दिया। सभा में मीडिया व्यवस्था क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी व जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने संभाली। सुरक्षा व्यवस्था में अमित बाथम, अंशु ठाकुर ने संभाली। मंच व्यवस्था में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील बजाज, सत्येंद्र मिश्रा, प्रमोद बॉर्डर लगे रहे।

# नसीम के आंसूओं पर पूजा पाल का दर्द याद कराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा विधायकों ने कहा वोट करते समय बेवा पूजा पाल के आंसू याद रखना

**अमृत विचार।** सभा में राजू पाल और उमेश पाल हत्याकांड भी गूंजा। सीएम ने जनसभा के मंच से पूछा कि राजू पाल-उमेश पाल की हत्या होती है, तो सपा क्यों मौन रहती है। उमेश पाल की सुरक्षा में लगे निषाद जवान का क्या दोष था। यह लोग अपनी प्रवृत्ति से बाज नहीं आने वाले हैं। भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि मतदान के समय नसीम सोलंकी के आंसू नहीं बल्कि बेवा पूजा पाल के आंसू याद रखना। सीसामऊ उपचुनाव में सपा लगातार प्रचार कर रही है कि भाजपा सरकार इरफान और उनके परिवार के साथ ज्यादती कर रही है। सपा प्रत्याशी इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी कई मंचों से रोती दिखाई दी हैं। भाजपा का आरोप है कि सपा मतदाताओं का सहानुभूति वोट हासिल करने के लिये ऐसा कर रही है। इसी के जवाब में अब भाजपा ने भी राजू पाल और उमेश पाल हत्याकांड की याद दिलाई है। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है।



जनसंपर्क के दौरान लोगों के साथ बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार शुक्ला। अमृत विचार

### बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र शुक्ला ने तैयार की चुनावी जमीन

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने शनिवार को पूर्व राज्यसभा सांसद, घनश्याम चंद्र खरवार व मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार के साथ चमनगंज, बेगमगंज, ग्वालटोली व मकराबटगंज पहुंचे। इन क्षेत्रों में बसपा ने लोगों से न सिर्फ हाथी वाले बटन को दबाने की अपील की। बल्कि बस्तियों व खुली जगहों पर बैठक कर जमीन भी तैयार की। बसपा दलित, मुस्लिम व पिछड़े मतदाताओं को कई विकास कार्य गिनवाएं और बसपा काल में हुए कार्यों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान बसपा प्रत्याशी को कई जगहों पर मतदाताओं का समर्थन मिला। इस दौरान मुख्य मंडल प्रभारी अनिल पाल, मंडल प्रभारी रामशंकर कुरील, जिला प्रभारी रामनारायण निषाद, जिलाध्यक्ष राजकुमार कप्तान, महासचिव देवेंद्र कुमार कुशवाहा सचिव सौरभ गौतम, आनंद कुरील, ताराचंद्र कुरील, सूरज गौतम, मनोज दोहरे, कमल कुमार गौतम, गुरु प्रसाद शक्वार, शिव शंकर गौतम, राजेश कठेरिया, प्रेम सागर दिवाकर रहे।

# 85 पार के 60 मतदाताओं ने घर बैठे किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सात पोलिंग टीमों ने प्रोटोकॉल का पालन कर गोपनीयता से डलवाया वोट
- बूथ पहुंचने में लाचार 32 दिव्यांग वोटरों ने भी पोस्टल बैलेट से डाले मत

**अमृत विचार।** चुनाव आयोग से मिली सुविधा का उपयोग कर चलने में लाचार सीनियर सिटीजन व दिव्याग वोटर पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। शनिवार को घर-घर पहुंचकर पोलिंग टीमों ने मतदाताओं का पोस्टल बैलेट से वोट डलवाया। पोलिंग टीम ने वोट की गोपनीयता व प्रोटोकॉल का पालन किया।

सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए जिन 85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान की स्वीकृति दी है। उनका वोट डलवाया जा रहा है। एआईजी स्टांप श्याम सिंह बिसेन ने बताया कि शनिवार को सात पोलिंग टीमों ने घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया। 85 प्लस के 60 और 32 दिव्यांग मतदाताओं ने शनिवार को मतदान किया। अब तक 85 प्लस के कुल 116 और 63 दिव्यांग वोटरों ने पोस्टल बैलेट से मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें एक दिन पहले शुक्रवार के 85 प्लस में 56 और दिव्यांग के 31 मतदाता भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पोलिंग टीमें कमरे में सारी प्रक्रिया करने के बाद मतदाता को कवर करके वोट डलवाते हैं। इस तरह मतदान में गोपनीयता का पूरी तरह ध्यान रखा जाता है। वोटर के परिजन भी वहां नहीं होते हैं। इसी तरह शनिवार को 13 मतदान कार्मिकों ने डाक मतपत्र से फैसिलिटेशन सेंटर पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गुरुवार को 11 कार्मियों ने मतपत्र का प्रयोग किया था। शनिवार को पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले 85 प्लस वोटरों ने चुनाव आयोग का धन्यवाद दिया।




मतदान करती महिला मतदाता। अमृत विचार



मतदान के बाद अंगुली पर निशान दिखाते बुजुर्ग मतदाता। अमृत विचार

# सपाइयों के यार-दोस्तों तक का हो रहा उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय जाकर की शिकायत, चुनाव आयोग को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार।** सपाइयों के साथ उठने-बैठने और चाय पिलाने वालों का भी पुलिस द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता को भी पुलिस नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। थाने बुलाकर डराया और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है, निष्पक्ष चुनाव के लिए इस पर लगाम लगना जरूरी है। सपा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को यह शिकायत अपराध एवं मुख्यालय के अपर पुलिस आयुक्त विपिन मिश्रा से की।

सपा प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग को संबोधित ज्ञापन देकर उत्पीड़न व भय के माहौल पर रोक लगाने की मांग की और कहा कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में पीडीए मिशन के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। सपा के बूथ प्रभारियों व पीडीए मिशन युवा टीम को फर्जी मुकदमे में फंसाने के लिए घर से बुलाकर पुलिस उनमें दहशत पैदा कर रही है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पीडीए की युवा टीम मतदाताओं के द्वार जाने पर यदि झंडा हाथ में लिए हैं और पांच की संख्या में है तो भी उन्हें रोका जाता है, जबकि चुनाव आयोग द्वारा जनसंपर्क में पांच कार्यकर्ताओं को साथ चलने की छूट है। प्रतिनिधि मंडल में नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया, पूर्व एमएलसी व सीसामऊ प्रभारी सुनील सिंह साजन, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, मदन मोहन शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष आसिफ कादरी, इशरत इराकी शामिल रहे।

### सपाइयों को किया नजरबंद

- **कानपुर।** बटोगे तो कटोगे के विरोध में उतरे सपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में काले गुब्बारे दिखाने की योजना बनाई थी। लेकिन लोकल इंटेलीजेंस को इसकी जानकारी होने पर किदवई नगर से दर्शनपुरवा सेंट्रल पार्क जा रहे सपा नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। मुख्यमंत्री के शहर से जाने के बाद शाम को उन्हें रिहा कर दिया गया। मुख्यमंत्री की सभा के लिए सुबह से सपा विधायकों और दूसरे नेताओं के नजरबंद कर दिया गया। साउथ जोन में सपा राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण सिंह यादव बंटी के नेतृत्व में पार्षद अर्पित यादव, विशाल डारोलिया, रोहित आदि दर्शनपुरवा सेंट्रल पार्क में मुख्यमंत्री को काले गुब्बारे दिखाने निकलने वाले थे। खुफिया जानकारी पर बर्रा, नौबस्ता और बाबूपुरवा पुलिस पहुंच गई और चारों तरफ से घेराबंदी कर सभी को हिरासत में ले लिया।



अपराध एवं मुख्यालय के अपर पुलिस आयुक्त विपिन मिश्रा को ज्ञापन देता सपा का प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

### दरोगा के खिलाफ जांच व कार्यवाही की मांग

- विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि पूरे कानपुर में इस समय विपक्ष के नेताओं के ऊपर, यहां तक की आम सामाजिक लोग, जो सपाइयों को चाय पिला देते हैं या साथ में उठते-बैठते हैं, उनका भी पुलिसिया उत्पीड़न हो रहा है। कई लोगों पर 107/16 की कार्रवाई हो रही है। शुक्रवार को एक एक सामान्य आदमी जिसने सिर्फ रास्ता बताया था, उसपर पुलिस ने कार्रवाई की। ऐसे दोषी दरोगा के खिलाफ जांच व कार्यवाही हो और निर्दोष का केस खत्म कर उसे राहत दी जाए।

### घरों में झंडे लगाने से पुलिस कर रही मना

- सपा प्रतिनिधि मंडल के मुताबिक पीडीए युवा कार्यकर्ताओं को रायपुरवा, कर्नलगंज, चमनगंज, फजलगंज, बजरिया व ग्वालटोली थाने के अंतर्गत डराया व धमकाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में कार्यकर्ता गृहस्वामी से पूछकर उनके घर में सपा का झंडा लगाने जा रहे हैं तो पुलिस मना कर रही है। सभाओं में अनुमति के नाम पर परेशानी उत्पन्न कर उन्हें टालने का काम किया जा रहा है। बिजली और भवन का नक्शा चेक करने के नाम पर केस्को, नगर निगम व केडीए भी लोगों को परेशान कर रहा है।

# नीट छात्रा के बयान, दुष्कर्म आरोपी शिक्षक भेजे जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में नाबालिग नीट छात्रा को जबरन बंधक बनाकर नशा पिलाने के बाद दुष्कर्म की वारदात अंजाम देने वाले आरोपी काकादेव कोचिंग मंडी के बायोलॉजी शिक्षक साहिल सिद्दीकी और केमिस्ट्री के शिक्षक विकास पोरवाल को मेडिकल कराने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। कड़ी सुरक्षा में दुष्कर्म पीड़ित छात्रा का भी मेडिकल कराया गया। विवेचक ने उसके धारा 161 में बयान दर्ज किए। पुलिस जल्द ही पीड़ित छात्रा का कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराएगी।

जिला फतेहपुर की छात्रा वर्ष 2022 में शहर में आई एंड आई कोचिंग सेंटर से नीट की तैयारी करने आई थी। कोचिंग में प्रतापगढ़ के बाबागंज का रहने वाला साहिल सिद्दीकी जीव विज्ञान और बर्रा तीन निवासी विकास पोरवाल केमिस्ट्री पढ़ाते थे। छात्रा का आरोप है कि वर्ष 2022 में ही साहिल सिद्दीकी ने छात्रों की पार्टी के नाम पर उसे मकड़ीखेड़ा स्थित अपने फ्लैट पर बुलाया। वहां नशा कराकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए। इसके बाद साहिल वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसका यौन शोषण करता रहा। विरोध करने पर उसे और परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। साहिल की मदद से केमिस्ट्री के शिक्षक ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया।

छात्रा ने शुक्रवार को कल्याणपुर थाने में दोनों शिक्षकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रात में ही दोनों शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को पुलिस कड़ी सुरक्षा में आरोपी शिक्षकों को बारासिरोही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां मेडिकल कराया। इसके बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इधर, पीड़ित छात्रा परिजनों के साथ कल्याणपुर थाने पहुंची। सीएचसी में उसका मेडिकल कराया गया। पीड़ित छात्रा के विवेचक ने बयान दर्ज किए। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि जल्द ही पीड़ित छात्रा के कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


पुलिस हिरासत में आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दिकी और विकास पोरवाल।

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक वर्ष तक जबरन बंधक बनाकर किया दुष्कर्म
- नशा कराने के बाद करते थे यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग के लिए बनाया था वीडियो

### आरोपित शिक्षक बोले साजिश में फंसाया गया

जीव विज्ञान के शिक्षक साहिल सिद्दीकी पर दर्ज हुए दूसरे मुकदमे के बाद काकादेव की कोचिंग मंडी में हड़कंप है। विकास पोरवाल ने मेडिकल के दौरान आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उन्होंने और साहिल ने आशीष श्रीवास्तव की कोचिंग छोड़ दी थी। इसकी वजह से वह साजिश रच रहे हैं। आशीष की कोचिंग छोड़ने के बाद उनके पास 1300 सौ छात्र-छात्राएं हो गए थे। इस कारण वह यह कृत्य करवा रहे हैं।

### गाड़ी में घूमती दिखी छात्रा, फोटो है उनके पास

दोनों आरोपी शिक्षकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पकड़े जाने के ठीक एक दिन पहले शाम को छात्रा कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव के साथ उनकी गाड़ी में घूम रही थी, जिसकी फोटो उनके पास है।

### अंदर से मर चुकी थी, सुसाइड का था इरादा

छात्रा ने पुलिस को बताया कि दोनों शिक्षकों ने उसके सपनों की हत्या कर दी। मैं अंदर से मर चुकी थी। सुसाइड करना चाहती थी। कई बार फंदा तक बनाया, लेकिन तभी मम्मी की याद आ जाती। बदनामी के बारे में सोचती। मेरी मां ने मेरे लिए बहुत लड़ाई लड़ी, तब मैं कानपुर आ पाई।

### गुरु-शिष्या का रिश्ता बाकी कुछ नहीं

आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दिकी और विकास पोरवाल ने छात्रा को लेकर बोला कि वह केवल उनके यहां पढ़ने आती थी। गुरु-शिष्या का रिश्ता था, बाकी कुछ नहीं।

## गणतंत्र दिवस की परेड में 6 चयनित

**कानपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ की ओर से सीएसजेएमयू में विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रक्रिया में 6 स्वयंसेवकों को चयनित किया गया है। समन्वयक डॉ श्याम मिश्रा ने बताया कि प्रतिभागियों को 10 नवंबर से 19 नवंबर तक पटना में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में उत्तर प्रदेश उत्तराखंड बिहार झारखंड छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के चयनित 2 सौ स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। चयनित जिसमें पीपीएन कॉलेज की संगम पाण्डेय , बीएनडी से अनन्या पांडे , चौधरी चरण सिंह कॉलेज हेबरा के बॉबी शाक्य , डीएवी कानपुर से मोसिस जोनाथन सिंह और डीएसएन उन्नाव से शिवांगी मिश्रा और फरदीन वीआईटी पटना में प्रतिभाग करते हुए गणतंत्र दिवस परेड में चयन के लिए अपनी प्रतिभागिता प्रस्तुत करेंगे।

# फोरेंसिक व वैज्ञानिक रिपोर्ट पर ही दाखिल होगी चार्जशीट


एकता हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शेयर कारोबारी की पत्नी की हत्या का मामला, ऑफिसर्स क्लब में दफनाया था शव
- विवेचक ने रिपोर्ट के लिए विभागों को भेजा रिमाइंडर ताकि जांच हो सके तेज

**अमृत विचार।** शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता की हत्या में पुलिस अब फोरेंसिक और वैज्ञानिक रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। इसके बाद ही न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी। मामले में विवेचक ने रिपोर्ट के लिए दोनों विभागों को रिमाइंडर भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं एकता के परिजन अभी भी काफी चीजों से असंतुष्ट हैं। वह जांच सीबीआई से करने की मांग कर रहे हैं।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि जिम ट्रेनर विमल सोनी के कस्टडी रिमांड के दौरान मुकदमे से संबंधित जितने साक्ष्य हासिल करने थे वह मिल चुकी हैं। हत्याकांड में करीब 22 सैंपल भेजे गए हैं। उनकी जांच रिपोर्ट जल्द देने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला को रिमांडर भेजा गया। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इस मामले में चार्जशीट लगाएगी। डीसीपी ने बताया कि आम तौर पर उनके पास 90 दिन का समय होता है, लेकिन इस मामले में कम समय में चार्जशीट दाखिल कर पुलिस मिसाल पेश करेगी। साथ ही इस पूरे मामले को फास्ट ट्रैक में चलवाने की पैरवी की जाएगी, जिससे हत्यारोपी विमल को जल्दी से जल्दी सजा मिल सके।

### रिश्तेदार पूछते थे क्या तुम अभी भी उसे रख लोगे ?

राहुल गुप्ता ने बताया कि बहुत से रिश्तेदार पत्नी का अपहरण होने पर कहते थे कि क्या तुम अब भी उसे साथ रख लोगे ? बताया कि वह सात फेरे लेकर सात जन्मों तक साथ निभाने के लिए एकता को अपने साथ लाया था, लिहाजा अगर वो जिंदा मिलती तो वह उसे अपने साथ उतने ही प्यार से रखता जितना चार महीने पहले रखता था। राहुल ने कहा कि कई रिश्तेदार उसके विरोधी हो गए, लेकिन उसने अपना निर्णय नहीं बदला।

### सीडीआर में मिले कई महिलाओं के नंबर व चैट

कस्टडी रिमांड के दौरान पुलिस ने विमल के निशानदेही पर उसके बैग से तीन मोबाइल बरामद किए। पुलिस के अनुसार उसके तीनों मोबाइल बंद थे। पुलिस ने जब बरामद मोबाइल को चेक किया तो उसमें से दो मोबाइल चालू अवस्था में मिले, जबकि एक बंद था। सूत्रों ने बताया कि विमल के मोबाइल की कॉल डिटेल में कई महिलाओं से संपर्क उजागर हुए हैं। कुछ महिलाओं की चैट मिली है जिसमें दलिया मीठा या फीका होने की बात पूछी गई है। इसके अलावा फ्रूट में क्या खाना पसंद करेंगे ? इस तरह के मैसेज भी मिले हैं। जिसके उत्तर में विमल 'केले' का फोटो भी भेजता था।

### निभाई बखूबी जिम्मेदारियां, हर जरूरत का रखती थी ख्याल

शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता ने बताया कि उनकी मम्मी की वजह से उनकी जल्दी शादी हो गई थी। एकता ने शादी के बाद घर पहुंचकर इतनी अच्छी तरह से संभाला था कि जैसे कोई कमी न हो। बच्चों की पढ़ाई से लेकर परिवार वालों की हर जरूरत का ख्याल रखती थी। 25 साल की उम्र थी एकता की जब उसने मेरी बहन की शादी अपनी जिम्मेदारी पर की थी।

## एक नजर

### कोर्ट के फैसले पर कोई बयान नहीं दिया

**कानपुर।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अमृत विचार में छपे समाचार के संबंध में सहायक नगर आयुक्त मोहम्मद अनवार हुसैन का कहना है कि उन्होंने कोई बयान नहीं दिया है। किसी ने बिना उनसे बात किए उनके बयान को समाचार पत्र में प्रकाशित करवाया है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के फैसले पर किसी तरह की टिप्पणी नहीं की है।

### डफरिन एसआईसी बनीं निदेशक

**कानपुर।** बड़ा चौराहा स्थित डफरिन अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ.सीमा श्रीवास्तव को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में नर्सिंग की निदेशक बनाया गया। इस संबंध में सचिव रंजन कुमार ने पत्र जारी किया है। वह डफरिन अस्पताल में काफी माह से तैनात थी।

### दबंगों ने तोड़ी कार

**कल्याणपुर।** पनकी गंगागंज भाग एक निवासी ईशान सिंह तोमर के मुताबिक गत चार अक्टूबर की शाम वह विजयनगर से घर लौट रहे थे। तभी एमआईजी चौराहा के पास आगे चल रही एसयूवी को ओवरटेक करने पर भड़के एसयूवी सवार युवकों ने उनकी स्कॉर्पियो के आगे अपनी गाड़ी लगा दी। गाड़ी से उतरे दबंगों ने लोहे की रॉड से से उनकी गाड़ी तोड़ दी।

# दरोगा से प्रताड़ित ट्रेडिंग कर्मी ने की खुदकुशी

## शिवनारायण टंडन पुल के नीचे रेल पटरी पर लेटकर दी जान, पैसे के लेनदेन को लेकर चल रहा था विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में ट्रेडिंग कर्मी ने शिवनारायण टंडन पुल के नीचे रेलवे पटरी पर लेटकर ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मृतक की जेब से तीन पन्नों का सुसाइड नोट मिला है। मृतक के भाइयों और परिजनों ने एक दरोगा और बहनोई पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार बहनोई से पैसे के लेनदेन का मामला चल रहा था। जिस पर बहनोई ने मां-बेटे पर कोर्ट से मुकदमा दर्ज करा दिया था। मामले की विवेचना में दरोगा रोज समझौते और रुपयों की मांग कर रहे थे। परिजनों का कहना है कि दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए उच्चाधिकारियों सें मिलेंगे।


दानिश खान।

मीरपुर छावनी निवासी स्व. रफीक खान का 30 वर्षीय पुत्र दानिश खान ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम करता था। परिवार में भाई लवी, फहीम और दानिश के अलावा मां रहीसा बेगम और दो शादीशुदा बहने नाजिया और अंजुम बेगम हैं। भाई लवी ने बताया कि शुक्रवार को सभी लोग अपने-अपने काम से गए थे। इसी दौरान दानिश दोपहर में घर से निकल गया। वह शिवनारायण टंडन पुल के नीचे पहुंचा और रेल पटरी पर लेट गया। ट्रेन से गुजरते ही उसका सिर और धड़ से अलग हो गया। बड़े भाई लवी ने बताया कि बहन अंजुम की शादी सरताज अहमद निवासी बाबूपुरवा के साथ हुई थी। इसके बाद सरताज और दानिश मिलकर ट्रेडिंग करने लगे थे। लवी का आरोप है, कि इधर बहनोई बहन को छोड़ने की धमकी देने लगा। इस कारण मां ने उसे 4 लाख रुपये दिए थे। इसी दौरान दानिश ने बताया था कि व्यापार के सिलसिले में उसने सरताज से तीन लाख रुपये लिए हैं। इसे लेकर विवाद चल रहा था। जिसके कारण सरताज ने बहन अंजुम को वादी बनाकर 9 सितंबर 2024 को थाना बाबूपुरवा में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज करा दी थी।


घटना की जानकारी देते दानिश के भाई लवी और अन्य। अमृत विचार

### नकदी और ज्वैलरी चुराने का गंभीर आरोप

परिजनों के अनुसार अंजुम ने आरोप लगाया था कि मां रहीसा बानो और भाई दानिश ने मिलकर 20 जुलाई 2024 को उसके घर से चार लाख कैश और 121 ग्राम सोने के जेवरात चुरा कर लिए थे। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद और दोनों में विवाद गहरा गया।

### दरोगा पर प्रताड़ित करने का आरोप

बड़े भाई लवी और चचेरे भाई फैजान का आरोप है कि बेगमपुरवा चौकी का दरोगा बहनोई के इशारे पर दानिश को प्रताड़ित कर रहा था। कोर्ट से दर्ज मुकदमे की विवेचना दरोगा को मिली थी। दरोगा लगातार दानिश को फोन करके बुला रहा था। वह कहता था कि पचास हजार रुपये दो और बाकी पैसे एक साल में धीरे-धीरे करके चुका देना।

### सुसाइड नोट हाथ से छीन लिया

चचेरे भाई फैजान का आरोप है कि शव की जेब से तीन पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ। वह खोलकर पढ़ने ही लगा था कि दरोगा ने हाथ से छीन लिया। बोला यह जांच का विषय है। तुम लोगों को नहीं पढ़ाया जा सकता।

> घटना की जानकारी की जा रही है। अगर किसी पुलिस कर्मी का दोष निकलता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।
>
> -श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पूर्वी

> मृतक की जेब से सुसाइड नोट बरामद किया गया है। यह रोमन हिंदी में लिखा है। उसे हैंडराइटिंग मिलान के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा।
>
> -बहादुर सिंह, रेलबाजार थाना प्रभारी

## सार-संक्षेप


महिलाओं के साथ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा। अमृत विचार

### महिला कांग्रेस की मजबूती के लिए बैठक

**कानपुर।** कानपुर दक्षिण में महिला कांग्रेस को मजबूत करने को किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में बैठक हुई। मुख्य अतिथि लोस पूर्व प्रत्याशी आलोक मिश्रा रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ महिला नेता सीता अग्निहोत्री ने की। आलोक मिश्रा ने सभी महिलाओं से परिचय प्राप्त किया और उनसे से मुलाक़ात कर संगठन मजबूती के सुझाव लिए। कार्यक्रम मे दीपक त्रिवेदी बल्ली, संजीव मिश्रा, प्रभाकर पाण्डेय समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### भगवत भजन से ही भवसागर होता पार

**कानपुर।** प्रभु प्रत्येक जीव की हर पल चिंता करते हैं। इसलिए मनुष्य को भी संसार के प्रणियों की अपेक्षा भगवान पर विश्वास रखना चाहिए। यह बात नौबस्ता आवास विकास वाटर पार्क के पास आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथावाचक चंद्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने कही। उन्होंने कहा कि भगवत भजन ही नर्क से बचने का एकमात्र सरल मार्ग है। संपूर्ण संसार भगवान का बनाया सुंदर बगीचा है। जब-जब गलत कर्मो से इस बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा होती है, भगवान अवतार लेकर भक्तों का उद्धार और दुर्जनों का संहार करते हैं। जो जीव भगवान पर विश्वास करके भगवत भजन करता है, वो सरलता से भव सागर पार हो जाता है। भगवान के 24 अवतारों की कथा सुनाते हुए उन्होंने समुद्र मंथन का सारगर्भित वर्णन किया। शिवानंद बाजपेई, अम्बरीश बाजपेई, हेमलता बाजपेई, कृष्ण कुमार बाजपेई, पूजा बाजपेई, गौरी बाजपेई, केतन बाजपेई, राघव बाजपेई, डा. गौरव त्रिपाठी, आचार्य संजीव द्विवेदी, उमेश त्रिपाठी, महावीर शुक्ल, दीपक श्रीवास्तव, नीरज सिंह, मनीष कुमार, राकेश कुमार मौजूद रहे।


कथा कहते चंद्रेश जी।


नृत्य की प्रस्तुति करते बच्चे। अमृत विचार

### हम्टी डम्टी के बच्चों ने वार्षिकोत्सव एलिग्जर में धूम मचाई

**कानपुर।** लाजपत भवन में शनिवार को हम्टी डम्टी प्री स्कूल व डॉ.शारदा मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने वार्षिकोत्सव एलिग्जर-2024 का आयोजन किया। विद्यालय के सचिव पीयूष तिवारी, प्रधानाचार्य अलका तिवारी, प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, एमएलसी अरूण पाठक, डॉ.आईएम रोहतगी, एनके नेब व संजीव पाठक ने कार्यक्रम की शुरुआत की। सचिव पीयूष तिवारी ने विद्यालय की ऐतिहासिक रूपरेखा का वर्णन किया। विद्यालय की प्रगति का मुख्य कारण विद्यालय की व्यवस्थित कार्य प्रणाली व प्रत्येक छात्र की ओर दिया जाने वाला अपेक्षित ध्यान बताया। कार्यक्रम में सीनियर विंग की छात्राओं ने मयूरेश्वर स्तुति को भरत नाट्यम नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। पीजी-1 के बच्चों ने विभिन्न कविताओं के माध्यम से नृत्य किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने एक्शन से खूब तालियां बटोरीं। सीनियर बॉयज ने डिवाइन इंटीमेशन द्वारा भगवान कृष्ण के उपदेशों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। पीजी-2 के बच्चों ने रैंप वॉक कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा-1 के छात्र-छात्राओं ने कॉपल डांस किया। सीनियर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए दिखाया कि बेटों ऐसी शिक्षा देनी चाहिए कि वह बेटियों का दुर्व्यवहार न कर सकें। वहीं, देश के लिए कुछ भी कर गुजरने की भावना को दिखाते हुए मेरा भारत, नया भारत व विकसित भारत को दर्शाया। इस दौरान सुमिता खेड़ा, सीमा मेहरोत्रा, डॉली मेहरा, जसप्रीत कौर, प्रेरणा, जसलीन कौर, सपन कौर, ऐश्वर्या, इशिका, औशी, खुशी, प्रियंका, पूजा, रिदम, दिव्या रहीं।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद आरोपी फरार चल रहा था। आरोप है, कि वह गर्भनिरोधक गोलियां खिलाकर दुष्कर्म करता था और विरोध करने पर मारता पीटता था।

कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि एक युवती ने कुछ दिन पहले बेकनगंज के नाजिरबाग निवासी समीर के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि समीर ने पहले नजदीकी बढ़ाई और फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ दो साल तक शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह मुकर गया। आरोप है, कि घटना का वह विरोध करती थी तो आरोपी उसे मारता पीटता था। इतना ही नहीं गर्भनिरोधक गोलियां खिलाकर दुष्कर्म करता था। इससे आजिज होकर युवती ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच शुरू की गई तो लगाए गए सभी आरोप सही पाए गए। अब पुलिस ने आरोपी समीर को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## भाजपा नेता का अश्लील वीडियो वायरल, हड़कंप

**कानपुर।** गुजैनी निवासी एक भाजपा नेता का अश्लील वीडियो शनिवार दोपहर सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। वीडियो उसी की इंस्टाग्राम आईडी से अपलोड होने के बाद वायरल हुआ।

भाजपा से जुड़े नेता का सोशल मीडिया पर युवती के साथ वीडियो के अलावा वाट्सएप ग्रुपों में एक विधायक और केंद्रीय मंत्री समेत कई रसूखदार लोगों के साथ तस्वीरें भी वायरल हुईं। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया है। उनका कहना है कि इस संबंध में अभी तक उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। तहरीर देता है तो आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट चलाई गोलियां और किया पथराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र की घटना, 6 नामजद व 50 अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में शराब के लिए रुपये न देने पर अधिवक्ता के भाई को आरोपियों ने मारापीटा। इसके बाद उसकी बाइक खड़ी कराकर भगा दिया। आरोप है, कि उन लोगों ने घर में घुसकर परिजनों को मारापीटा। जिससे वह घायल हो गए। आरोप यह भी है, कि उन लोगों ने अपने अन्य 40-50 अज्ञात साथियों के साथ मिलकर घर घर पर गोलियां और पत्थर चलवाए। जिससे वह लोग दहशत में हैं।

बगिया प्रधान गेट आईआईटी गेट निवासी अधिवक्ता रोहित कुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 1 नवंबर को उनका छोटा भाई शिवम रात लगभग 8.30 बजे अपनी बाइक से कुछ घरेलू सामान लेकर घर आ रहा था। तभी घर से कुछ दूरी पर रहने वाले अभिषेक उर्फ टईया, अमन (मसाला वाला), लकी ने अपने घर के पास भाई को रोक लिया। जबरन शराब पीने के लिए रुपयों की माग की। भाई ने जब रुपये देने से मना कर दिया तो अभिषेक उग्र हो गया और गालीगलौज करने लगा और मारपीट की। आरोप है, कि जेब में पड़े 5 हजार रुपये लूट लिए और उसकी बाइक खड़ा कराकर भगा दिया। आरोप है कि सभी आरोपी भाई को जान से मारने की नियत से घर में आ आए और उन्हें और माता पिता को मारपीटा। जिससे सभी को गम्भीर चोटें आई। इसके बाद उन आरोपियों के साथ 40-50 अज्ञात साथियों के साथ असलहा लहराते हुए कुछ गोलियां चलाई और दरवाजे पर पत्थर चलाए। जिसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। इस संबंध में कल्याणपुर थाना प्रभारी के अनुसार पीड़ित रोहित की तहरीर पर अभिषेक उर्फ टईया, अमन मसाला वाला, लकी, सागर, संजय, अमन, 40-50 अज्ञात के खिलाफ दंगे, घातक हथियारों से हिंसा करने के आरोप में एफआईआर की गई है।

तैयारी | नये सत्र के लिये शनिवार को कोआर्डिनेशन कमेटी की हुई बैठक

# द स्पोर्ट्स हब में प्रवेश के लिये 17 नवंबर तक होंगे रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अल्प आय वर्ग से आते हैं तो आपके बच्चों के लिये अच्छी खबर है। द स्पोर्ट्स हब में ईडब्लूएस के बच्चों के लिये 10 प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण निशुल्क मिलेगा। आर्यनगर में संचालित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में 17 नवंबर तक इसके लिये रजिस्ट्रेशन होंगे। जिसके लिये फार्म का वितरण शुरू हो चुका है।

कानपुर के आर्य नगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के बच्चों का पांचवा प्रशिक्षण शिविर आगामी 2 दिसंबर से आयोजित होगा। इस शिविर में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म का वितरण 11 नवंबर से किया जाएगा, जबकि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर निर्धारित की गई है।

सभी खेलों के लिए खिलाड़ियों के चयन ट्रायल 23 नवंबर से शुरू होंगे, जिसके बाद चयनित बच्चों का प्रशिक्षण 2 दिसंबर से प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु टीएसएच की कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में कई निर्णय लिए गए, जिसमें कमेटी के सदस्य संजीव पाठक, देवेश दुबे, राजीव गर्ग और हर्ष अग्रवाल मौजूद थे।

बैठक के दौरान संजीव पाठक और देवेश दुबे ने बताया कि इस बार शिविर में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, कराते, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, और ताइक्वांडो जैसे खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। पिछले शिविरों में ईडब्ल्यूएस के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शहर, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

इसके लिए संजीव पाठक और देवेश दुबे ने टीएसएच के प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और इस साल भी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीएसएच के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स द्वारा नकद पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया जाता है।



पत्रकारों से बात करते संजीव बॉबी पाठक व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

- ईडब्लूएस बच्चों के लिये 2 दिसंबर से शुरु होगा नया सत्र
- अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा प्रशिक्षण

### वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ मुफ्त प्रशिक्षण

कानपुर नगर निगम, खेलो इंडिया, और फिट इंडिया के सहयोग से संचालित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में सभी खेलों का विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। एनआइएस से क्वालिफाइड कोच के मार्गदर्शन में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां सभी खेल एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, और ईडब्ल्यूएस वर्ग के बच्चों को पूरी तरह निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## यात्रा रद, सांस्कृतिक कार्यक्रम ही होगा

**कानपुर।** लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और क्वीर यानी एलजीबीटी का संगठन कानपुर क्वीर वेलफेयर फाउंडेशन की रविवार को होने वाली स्वाभिमान यात्रा पुलिस ने रद कर दी। इसे लेकर फाउंडेशन की संरक्षक सलमा किन्नर ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर हंगामा किया। देर शाम अपर पुलिस उपायुक्त राजेश श्रीवास्तव ने कोतवाली में संगठन के पदाधिकारियों को बुलाकर स्वाभिमान यात्रा न निकालकर सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम करने को कहा। कानपुर क्वीर वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अनुज पांडे ने बताया कि बीते साल की तरह स्वाभिमान यात्रा निकालने की तैयारी पूरी हो चुकी थी। आसपास के जिलों से भी लोग आए हैं। ऐन वक्त पर अनुमति देने से मना कर दिया गया।

## शहर में आज

- **ब्रह्म महोत्सव :** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की ओर से ब्रह्म महोत्सव बी-ब्लाक पनकी त्रिपाठी गेस्ट हाउस में शाम 4 बजे।
- **नाट्य समारोह :** संगीत नाटक अकादमी चंडीगढ़ व उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से महाराष्ट्र मंडल भवन खलासी लाइन में नाट्य समारोह शाम 5.30 बजे।
- **सम्मान :** भारत विकास परिषद की ओर से प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान समारोह किदवईनगर बाके बिहारी पार्टी लॉन में शाम 6 बजे।
- **जनसभा :** सपा के शिवपाल यादव की जनसभा हलीम कालेज चौराहा चमनगंज में रात 8 बजे।
- **बैठक :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह की बैठक गैंजेस क्लब में दोपहर 12 बजे।

# यूपी की खराब शुरूआत में चमके आदर्श

- पहली पारी में 8 विकेट पर 255 रन बनाए, छत्तीसगढ़ से अभी भी 9 रन पीछे
- छत्तीसगढ़ के गेंदबाज मयंक ने पांच खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 मुकाबले में मैच के दूसरे दिन आठ विकेट पर 247 रन से आगे खेलते हुए मेहमान छत्तीसगढ़ टीम 17 रन और बनाकर ऑल आउट हो गई। पहले दिन पिच से मिली उछाल का फायद उठाने वाले कुनाल और विजय ने 1-1 विकेट और लेकर छत्तीसगढ़ की पारी को समाप्त किया। लेकिन यूपी की पहली पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। हालांकि खेल समाप्त होने तक यूपी टीम ने आठ विकेट के नुकसान पर 255 रन बना लिए है। टीम छत्तीसगढ़ के स्कोर से 9 रन पीछे है।


पहली पारी में बैटिंग करती यूपी टीम।

यूपी टीम की पहली पारी की शुरूआत ज्यादा अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका सलामी बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा के रूप में लगा। स्वास्तिक बाहर जाती गेंद पर अभिजीत को कैच दे बैठे। इस समय स्वास्तिक 23 रन बना चुके थे। इसके बाद शोएब सिद्दकी शुन्य पर और ऋतुराज शर्मा 5 रन पर और विकेट कीपर बल्लेबाज आराध्य यादव 4 रन बनाकर गेंदबाज मयंक का शिकार हुए। कुल 50 रन पर ही चार अहम विकेट गिर जाने यूपी टीम लड़खड़ाई, लेकिन दूसरे सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह ने काव्य तेवतिया के साथ पारी को किसी तरह संभाला और डटकर खेलते हुए पांचवें विकेट के लिए 125 रनों की साझेदारी निभाई। यह साझेदारी आगे जाती इससे पहले काव्य 39 रन पर तेजी से रन बटोरने के चक्कर में दीपक की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। काव्य के आउट होते ही फिट झटका लगा और शतक की ओर बढ़ रहे आदर्श 92 रन पर शाट पिच गेंद को पूल करने के चक्कर में स्पिनर वरुण का शिकार हो गए। आदर्श के पवेलियन लौटने के बाद प्रशांत वीर 59 रन बनाकर 101 गेंद पर पांच चौके और दो छक्कों की बदौलत अपना अर्धशतक पूरा करके खेल रहे हैं। जबकि दूसरे छोर पर उनका साथ देने आए विजय 9 रन बनाकर और शुभम 4 रन देकर मयंक का शिकार हुए। इस तरह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेजबान यूपी टीम आठ विकेट के नुकसान पर 255 रन बना चुकी है। गेंदबाजी में छत्तीसगढ़ के मयंक ने 20 ओवर में चार मेडन डालकर 52 रन खर्च किए। यूपी टीम के पांच बल्लेबाजों को धड़ाधड़ पवेलियन की राह दिखाई। मयंक का साथ आयुष, वरुण और दीपक ने 1-1 विकेट लेकर निभाया।


हाफ टीशर्ट में आदर्श सिंह। अमृत विचार

### बर्रा के रहने वाले हैं आदर्श सिंह

- कर्नल सीके नायडू ट्राफी में खेल रहे आदर्श सिंह कानपुर के बर्रा के रहने वाले हैं। यूपी टीम की ओर से आदर्श ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने सर्वाधिक 92 रन की पारी खेली। शतक बनाने के 8 रन पहले शाट पिच गेंद को पूल करने के चक्कर में स्पिनर वरुण का शिकार हो गए।

## एक नजर

### कानपुर- दुर्ग की ट्रेन निरस्त

**कानपुर।** बिलासपुर डिवीजन के शहडोल-नागपुर खंड में करकेली स्टेशन पर तीसरी लाइन की कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का संचालन रोका जाएगा। इस कारण कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस को निरस्त किया गया है। 18203 दुर्ग से सेंट्रल स्टेशन 17 नवंबर को नहीं चलेगी। 18204 कानपुर सेंट्रल से दुर्ग एक्सप्रेस 18 नवंबर को नहीं चलेगी। गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस 14 नवंबर को नहीं चलेगी जबकि 18206 नौतनवा दुर्ग एक्सप्रेस 16 नवंबर को निरस्त रहेगी। जानकारी उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने दी।

### गायों की आरती उतारी

**कानपुर।** गोपाष्टमी महोत्सव पर गायों को भोग लगाया गया और आरती उतारी गई। कानपुर गौशाला सोसाइटी की ओर से स्टाक एक्सचेंज पदम टॉवर में आयोजन हुआ। पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी ने गो पूजन कर व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और गो सेवा के लिए 51000 रुपये का सहयोग दिया। रंगबिरंगे परिधानों में महिलाओं ने पूजन थाल लेकर गो माता का पूजन किया और आरती उतारी। गो माता की परिक्रमा कर खुशहाली मांगी। गौशाला भौती शाखा में दंगल, मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सोसाइटी के महामंत्री पुरूषोत्तमलाल तोषनीवाल ने अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

## 158 अफसरों को जिलाधिकारी ने दी नोटिस, वेतन रोकने की हो सकती कार्रवाई

# जन शिकायत निस्तारण में लापरवाही और दगाबाजी

### नगर आयुक्त, अधिशासी अभियंता जलकल की रिपोर्ट भी मिली निगेटिव

- नगर आयुक्त के कुल फीडबैक की संख्या 2045 है, जिसमें 193 का रिपोर्ट खराब मिली है। इसी तरह अधिशासी अभियंता जलकल का 528 मामलों में से 255 में फीडबैक खराब मिला है। जिला प्रोबेशन अधिकारी का 190 में 4 मामलों का फीडबैक ठीक नहीं रहा। जिला समाज कल्याण का 175 में 18 प्रकरणों का फीडबैक निगेटिव रहा। एसडीएम बिल्हौर का 140 में 1, एसडीएम घाटमपुर का 169 में 3, एसडीएम नर्वल का 90 में 2 मामलों में फीडबैक खराब आया है।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

जन शिकायत सेवा (IGRS)

- आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का ठीक से निस्तारण नहीं
- फर्जी तरीके से कार्यालय में बैठकर ही कर दिया गया समस्याओं का समाधान

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता वाली योजनाओं में भी अधिकारी लापरवाही और हीलाहवाली दिखा रहे हैं। आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आ रही शिकायतों के निस्तारण में यह तथ्य सामने आया है कि तमाम अफसर मौके पर पहुंचे बिना और शिकायतकर्ता से कोई बात किए बिना ही फर्जी तरीके से कार्यालय में बैठकर ही समस्या का समाधान कर देते हैं।

जिले के 35 अधिकारियों ने एक भी शिकायत का निस्तारण नियमानुसार नहीं किया। इसका नतीजा है कि 100 फीसदी फीडबैक खराब मिला है। इससे नाराज जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने 158 अफसरों को नोटिस जारी करके 3 दिन के भीतर हर हाल में जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सही जवाब नहीं मिलने पर वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

### सीएमओ समेत 35 अफसरों से 100 फीसदी लोग असंतुष्ट

- विभागों ने पोर्टल पर आई सभी शिकायतों का पोर्टल पर निस्तारण दिखा दिया। जब मुख्यमंत्री कार्यालय से इस संबंध में फीडबैक लिया गया तो 100 फीसदी लोग असंतुष्ट मिले। सीएमओ, अधिशासी अभियंता, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, प्रमुख अधीक्षक लाला लाजपत राय, सब रजिस्ट्रार बिल्हौर, चकबंदी अधिकारी सदर व नरवल, सचिव मंडी समिति, खंड विकास अधिकारी सरसौल, घाटमपुर, शिवराजपुर, एआरटीओ, सीएचसी कल्याणपुर, खंड शिक्षा अधिकारी भीतरगांव, बिल्हौर समेत 35 अफसरों के बारे में तथ्य सामने आया कि उन्होंने एक भी शिकायत का सही से निस्तारण नहीं किया।

आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक हर माह मुख्यमंत्री कार्यालय से लिया जाता है। अक्टूबर माह में फरियादियों से लिए गए फीडबैक में अधिकारियों की पोल खुल गई। शिकायत करने वाले अधिकांश लोग असंतुष्ट मिले। कई विभागों में किसी एक शिकायत का फीडबैक लिया गया तो उसके निस्तारण की स्थिति भी खराब मिली।

> निर्देश देने के बाद भी लगातार शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। सभी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। सही जवाब नहीं मिलने पर अब वेतन रोकने की कार्रवाई होगी।
>
> -राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी



पुरस्कार के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

# वीएसएसडी ने जीता शतरंज खिताब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वीएसएसडी कॉलेज ने अंतरमहाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में महिला वर्ग में विजेता का खिताब जीता। पीपीएन डिग्री कॉलेज में हुई अंतरमहाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में कानपुर के कई कॉलेजों के खिलाड़ियों ने अपनी बौद्धिक क्षमताओं का परिचय दिया। पुरुष वर्ग में जागरण कॉलेज की टीम ने पहला स्थान हासिल किया।


शतरंज खेलतीं छात्राएं। अमृत विचार

प्रतियोगिता में विजेता बनी महिला वर्ग में वीएसएसडी कॉलेज की तनु निषाद और उनकी साथी निकिता ने सधी हुई चालों और अद्भुत समर्पण के साथ अपने विरोधियों को मात दी। उनकी टीम ने चारों राउंड में बिना किसी अंक को गंवाए लगातार जीत दर्ज की। वीएसएसडी कॉलेज की टीम महिला वर्ग में विजेता बनकर उभरी।

दूसरे स्थान पर एसएस सेन कॉलेज और तीसरे स्थान पर पीपीएन कॉलेज की टीम रही। पुरुष वर्ग में जागरण कॉलेज की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। ऋषभ बाजपेई और अमन प्रताप सिंह ने हर राउंड में सटीक चालों के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। सीएसजेएम यूनिवर्सिटी की टीम दूसरे और वीएसएसडी कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही।

# एचबीटीयू को मिला आईमैक्ट पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एचबीटीयू को तकनीक विश्वविद्यालयों में प्रतिष्ठित आईमैक्ट पुरस्कार मिला है। आईआईआरएफ के सहयोग से भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों को दिए जाने वाला यह पुरस्कार एचबीटीयू ने 9वीं रैंक हासिल करके पाया। विवि को सौ से अधिक पैरामीटर पर खरा उतरना पड़ा।



पुरस्कार लेतीं वंदना दीक्षित।

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर को यह पुरस्कार 'बेंचमार्क यूनिवर्सिटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन' के क्षेत्र में मिला है। दिल्ली में हुए समारोह में यह पुरस्कार संस्थान की डीन सतत शिक्षा और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रोफेसर वंदना दीक्षित कौशिक ने विश्वविद्यालय की ओर से हासिल किया। कॉन्क्लेव में आईआईटी, आईआईएम, एम्स के प्रतिष्ठित निदेशकों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित उद्योग और शिक्षा जगत के प्रोफेशनल्स शामिल रहे। विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार अंजू वर्मा ने बताया कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल होना छात्रों और शिक्षक दोनो के लिए ही गर्व का विषय है। इससे विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने का सपना रखने वाले युवाओं को भी देशभर के विश्वविद्यालयों की सूची में एचबीटीयू को तलाशने में सहायता होगी।

# एसी बसों की बदहाली देखकर बिफरे एमडी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर शनिवार को अपनी टीम के साथ कानपुर पहुंचे और डिपो से लेकर कार्यशाला तक का निरीक्षण किया। विकास नगर डिपो में कई एसी बसें खड़ीं देखकर एमडी एक एसी बस के भीतर चले गए और धूल की पर्त देखकर अधिकारियों से पूछा, ये बसें क्यों खड़ी हैं? यह बताने पर कि मेंटीनेंस नहीं हो पाया है, एमडी ने कड़ी फटकार लगाते हुए लापरवाही में सीनियर फोरमैन जय प्रकाश कुशवाहा को निलंबित करने के आदेश दिए।


विकास नगर डिपो की हालत देख फटकार लगाते एमडी मासूम अली सरवर। अमृत विचार

- विकास नगर डिपो के सीनियर फोरमैन को निलंबित करने के आदेश

विकास नगर डिपो में एमडी का क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर परिक्षेत्र अनिल कुमार ने स्वागत किया। इसी दौरान वह सामने खड़ी एसी बसों की ओर बढ़ गए। एक एसी बस के भीतर जाकर हालत देखने पर उनका पारा चढ़ गया। डिपो में उड़ रही धूल, जगह जगह धंस रहे मैदान पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। विकास नगर से एमडी का काफिला डॉ. मनोहर लोहिया कार्यशाला पहुंचा। एमडी ने डीजल बसों से इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित होने वाली बसों की स्थिति देखी।

महाकुंभ को देखते हुए बसों की चेसिस की बाडी जल्द बनाने के निर्देश दिए। सिग्नेचर सिटी बस अड्डे में एमडी को 2 बसें खड़ी मिलीं लेकिन यात्री एक भी नहीं था। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक से बस अड्डा संचालन को लेकर सवाल-जवाब किया। शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर एमडी का इंतजार होता रहा, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे।

निरीक्षण में अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा, मुख्य प्रधान प्रबंधक राजीव आनंद, प्रधान प्रबंधक अनुराग अग्रवाल, सलाहकार आरएन वर्मा, सेवा प्रबंधक गोकरन सिंह मौजूद रहे।

### सलाहकार नियुक्ति का सवाल टाल गए

एमडी से यह पूछने पर कि जब परिवहन निगम घाटे में चल रहा है, सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों को विभाग 54 हजार और 87 हजार रुपये वेतन पर सलाहकार क्यों नियुक्त किया जा रहा है, एमडी मुस्कराकर जवाब टाल गए।



हुसैन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में धर्मगुरु कल्बे जव्वाद। अमृत विचार

# इस्लाम में दहशतगर्दी की कोई जगह नहीं

**हुसैन दिवस**

- मेधावी छात्रों का सम्मान बेवाओं को सिलाई मशीन गरीबों को कंबल बांटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ करबला के मैदान से अमन का पैगाम दिया। इस्लाम हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रहा है और इस्लाम में दहशतगर्दी की कोई जगह नहीं है। ये बातें शिया आलिम मौलाना कल्बे जव्वाद ने शनिवार को परेड ग्राउंड पर हुसैनी फेडरेशन की ओर से आयोजित 50 वें हुसैन दिवस जलसा में कही। उद्घाटन मौलाना जहीर अब्बास (लखनऊ) ने किया।

शिया आलिम मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि केवल हुसैन दिवस मना लेना ही काफी नही है, जरूरत इस बात की है कि हम इमाम हुसैन की अजीम कुर्बानी से सबक हासिल करें। दिल्ली से आए मौलाना कल्बे रूशैद ने कहा कि इस्लाम हमेशा आतंकवाद के खिलाफ रहा है। मौलाना अलमदार हुसैन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में दम तोड़ती हुई इन्सानियत और इस्लाम को बचाने के लिये अजीम कुर्बानी पेश की। शिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि कुराने पाक में अल्लाह ने फरमाया है कि झूठी ताकतों के खिलाफ इमान वाले सच्चे लोग सीसा प्लाई दीवार की तरह खड़े हो जायेंगे। नवासे रसूल के पदचिन्हों पर चल कर दुनिया में अटूट एकता कायम हो सकती है। हुसैनी वक्ता डॉ. पंडित अमरनाथ मिश्रा तथा पास्टर डायमण्ड यूसुफ ने कहा कि करबला की अजीम कुर्बानी की याद में हम प्रण करें कि मानवता के दुश्मनों को कभी सिर नहीं उठाने देंगे। नायाब बलयावी, तनवीर जौनपुरी ने बारगाहे हुसैनी में अकीदत का नजराना पेश किया। संचालन किरतास करबलाई ने किया। जाजमऊ के इमामे जुमा मौलाना अजहर अब्बास ने बेवाओं, असहाय महिलाओं को सिलाई मशीन बांटी, मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। काजिम जैदी, ततहीर रजा जैदी ने भी विचार रखे। हुसैनी फेडरेशन के चेयरमैन हाजी सैयद कबीर जैदी, अली अख्तर रिजवी, हाजी कमर अब्बास आब्दी, रईसुल हसन रिजवी, डॉ. जुल्फिकार अली रिजवी, मुशीर आब्दी, मास्टर असगर, इसरार हुसैन, अफसर हुसैन, इब्ने हसन (बबलू), मुशर्रफ हुसैन रिजवी, रिफाकत हुसैन, यूसुफ जाफरी, रिजवान मुश्ताक, एहसान हुसैन, आसिफ अब्बास, कमर अब्बास रिजवी, शमीम पंजतन, मंजर हुसैन, नासिर रिजवी, ताजदार जैदी, सआदत हुसैन, रजी अब्बास, इफ्तिखार हुसैन, जामिन रिजवी, विकार हसन, मुजीबुल हसन मौजूद रहे।

**अराजकता** ट्रैफिक पुलिस वीआईपी ड्यूटी में लगी, चौराहों पर अफरा-तफरी मची रही

# मुसीबत : जो घर से निकला जाम के झाम में फंस गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को शहर में उत्तर से लेकर दक्षिण क्षेत्र तक जाम में फंसा रहा। वाहन सवार एक चौराहे से जूझकर आगे बढ़े तो दूसरे चौराहे पर जाम का शिकार हो गए। हालत यह हुई कि जो भी घर से बाहर निकला, वह कहीं न कहीं जाम के चक्रव्यूह में जरूर फंसा। इस महाजाम के पीछे सबसे बड़ा कारण यह रहा कि ट्रैफिक पुलिस की वीआईपी ड्यूटी लगी हुई थी। चौराहों से होमगार्ड नदारद थे या हालात बेकाबू होने पर गायब हो गए।


जाम में फंसे लोग। अमृत विचार

वाहन सवारों की बेढंगी चाल से ऐसी यातायात अराजकता फैली कि पूरा शहर जाम के झाम में फंसा रहा। स्थिति ये रही कि पूवार्ह्न 11 बजे से शाम 7 बजे तक टाटमिल चौराहे पर झकरकटी पुल साइड में रह-रहकर ट्रैफिक रुकता रहा। इसी प्रकार टाटमिल से सीओडी पुल की ओर वाहनों का लंबा जाम लगा। हैलट हॉस्पिटल के पास शाम 4 बजे वाहन ऐसा उलझे कि 2 घंटे बाद ही यातायात सामान्य हो पाया। घंटाघर चौराहा से टाटमिल चौराहा की ओर जाने वाला मार्ग पूरे दिन बुरी तरह से जाम में फंसा रहा। घंटाघर से एक्सप्रेस रोड होते हुए माल रोड तक शाम 7 बजे तक रह रहकर जाम लगता और छूटता रहा। ऐसे ही घंटाघर से टाटमिल की ओर जाने वाले वाहन उलटी दिशा में आ गए जिससे घंटाघर पुराना पुल शाम 7 बजे पूरी तरह से जाम हो गया। शहर में कई वीआईपी मूवमेंट होने के कारण ट्रैफिक की बड़ी टीम व्यवस्था में लगी रही। इससे प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की जितनी संख्या होना चाहिए, वह नहीं दिखी। इसी कारण यातायात अव्यवस्था फैली रही।

## छोटे बच्चों ने दिया मुस्कुराने का संदेश

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित सेंट थॉमस स्कूल में कॉनकार्डिया 2024 का आयोजन हुआ। कॉनकार्डिया के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने शांति, सद्भाव और भाई चारे का संदेश दिया। नर्सरी के बच्चों ने सुंदर अभिनय के माध्यम से जीवन में मुस्कुराने का संदेश दिया। कक्षा चार के छात्रों ने स्वच्छता के महत्व के साथ पर्यावरण संरक्षण व अंग्रेजी नाटक के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति देश प्रेम का संदेश दिया।

हिंदी नाटक बूढ़ी काकी के माध्यम से परिवार में बुजुर्गों के प्रति उपेक्षापूर्ण व्यवहार पर बहुत ही मार्मिक दृश्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य फादर एलेक्स पॉल डिसूजा, विलियम मथायस, लॉरेंस फर्नांडिस रहे।

# शालीनता से सुनें फरियादियों की बात

## पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने किया घाटमपुर और सजेती थाने का निरीक्षण

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** थाना दिवस के मौके पर शनिवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने घाटमपुर और सजेती थानों का औचक निरीक्षण किया। चौकीदारों से बातचीत कर पुलिसिंग के बारे में जानकारी जुटाई। इसके साथ ही उन्होंने सजेती थाने पहुंचकर अपराध रजिस्टर देखा। कमिश्नर ने पुलिस कर्मियों से काम ईमानदारी से करने व फरियादियों की बात शालीनता से सुनने को कहा।




फरियादियों से बात करते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार। अमृत विचार

घाटमपुर और सजेती थाने में थाना दिवस चल रहा था। इस दौरान कानपुर कमिश्नर अखिल कुमार अचानक थाने पर पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारियों को तहसील प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने की बात कही। कमिश्नर ने थाने में मौजूद चौकीदारों से बातचीत कर पुलिसिंग के बारे में जानकारी जुटाई। उन्होंने कहा की आप सभी अपने अपने क्षेत्र की छोटी से छोटी सूचना थाना प्रभारी के साथ साझा करें। इसके साथ ही थाने में चल रही विवेचनाओं को निष्पक्ष रूप से संपादित करने की बात कही है। उन्होंने समय से विवेचनाओं को पूर्ण करने व अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए है। इसके बाद पुलिस कमिश्नर सजेती थाने पर पहुंचे।

वहां भी थाना दिवस चल रहा था। यहां कमिश्नर ने फरियादियों की समस्या को पुलिस कर्मियों से शालीनता से सुनने को कहा साथ ही शिकायतकर्ताओ को संतुष्ट करने के निर्देश दिए है। अचानक पुलिस कमिश्नर के पहुंचने से थानों में पुलिसकर्मी सतर्क नजर आए। कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि उन्होंने घाटमपुर और सजेती थाने पहुंचकर अचौक निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को अपना काम निष्पक्ष और ईमानदारी से करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेख, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस और परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार सुनिश्चित करने की बात कही। बैठने की उचित व्यवस्था हो। सभी शिकायतों का धैर्यपूर्वक सुनकर शीघ्र समाधान किया जाए। पुलिस आयुक्त महोदय ने चौकीदारों से मुलाकात कर उन्हें भी आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर सम्बन्धित थाना प्रभारी मौजूद रहें।

### थानों में आईं शिकायतें

थाना दिवस में घाटमपुर थाने में दो शिकायतें आईं थीं। वहीं सजेती में आई पांच शिकायतों में से तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। साढ़ थाने में आईं पांच में दो शिकायतों का निस्तारण हुआ। रेउना थाने में तीन शिकायतें आईं।

# रोडवेज के चालक परिचालक पर लैपटॉप हड़पने का आरोप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के एक लैपटॉप मरम्मत केंद्र के संचालक ने महोबा डिपो के चालक व परिचालक पर तीन लैपटॉप एवं एनवीआर कानपुर से लाते समय हड़प लेने का आरोप लगाया है।

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिचौली पुरवा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह सुमेरपुर कस्बे में लैपटॉप रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। गत माह पांच अक्टूबर को उसने तीन लैपटॉप रिपेयरिंग के लिए कानपुर के सोमदत्त प्लाजा भेजे थे। रिपेयरिंग के बाद आठ अक्टूबर को उसके मौसेरे भाई महेश ने तीनों लैपटॉप एवं एनवीआर पैक कराकर महोबा डिपो की बस संख्या यूपी 78 जेटी 7256 के चालक एवं परिचालक को सौंपकर 200 रुपये शुल्क अदा करके सुमेरपुर देने की बात कही थी। सुमेरपुर बस आने पर उसे लैपटॉप नहीं मिले। बाद में 9 अक्टूबर को देने की बात कहकर बस लेकर महोबा चले गए। लेकिन जब 9 अक्टूबर को भी चालक व परिचालक ने लैपटॉप नहीं दिए तो वह एआरएम महोबा से जाकर मिला। तब उसे चार दिन के बाद वापस देने की बात कही गई।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।



पवन तनय मंदिर में फूलों से की गई सजावट। अमृत विचार

# रंजीतपुर के पवन तनय मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

संवाददाता, शिवली

- महंत स्वामी गोपालनंद महाराज ने भक्तों को दिया आशीर्वाद
- भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रंजीतपुर गांव स्थित पवन तनय आश्रम हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इससे पहले रामचरितमानस का अखंड पाठ भी किया गया। शनिवार की सुबह हवन पूजन का आयोजन किया गया। पवन तनय सहित सभी मंदिरों में फूलों से सजावट की गई। मंदिर के महंत स्वामी गोपालनंद जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद छका। इस मौके पर पनकी मंदिर के महंत कृष्णदास महाराज, पूर्व ब्लाक प्रमुख रवि शुक्ला, कल्लू यादव, नीरज सिंह, जिला पंचायत प्रतिनिधि लकी सिंह, पूर्व प्रधान हाकिम सिंह, लवी मिश्रा, रामू त्रिपाठी, प्रधान आशीष गौर, एडवोकेट शिववीर सिंह, रिंकू सिंह, लेखपाल धर्मेंद्र त्रिपाठी, अरविंद यादव आदि मौजूद रहे।

# भाषण स्पर्धा में छात्रा अदिति ने बढ़ाया विद्यालय का मान

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** सहोदय स्कूलों के बच्चों के मध्य हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में कस्बे के वीवीआईपी स्कूल की छात्रा ने अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

कस्बे के बेला मार्ग स्थित वीवीआईपी स्कूल के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई ने बताया कि शनिवार को कल्यानपुर स्थित गार्डेनिया पब्लिक स्कूल में कानपुर सहोदय स्कूलों के बच्चों के मध्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जनपद के 25 विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में कस्बे के वीवीआईपी स्कूल की आठवीं की छात्रा अदिति द्विवेदी ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। छात्रा की इस उपलब्धि पर उसे प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।




छात्रा को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते विद्यालय चेयरमैन डॉ पुरुषोत्तम बाजपेई व शिक्षक।

# पति, सास व ससुर समेत 10 पर रिपोर्ट

**बिंदकी (फतेहपुर)।** महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा चार लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने का आरोप लगाते हुए पति सास ससुर तथा या ससुर सहित कुल 10 लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

जाफराबाद गांव निवासी अपने पिता ओमप्रकाश के साथ बिंदकी कोतवाली पहुंची रचना ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी 28 मई 2023 को सजेती थाना क्षेत्र के पड़री निवासी अजीत कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे, जबकि पिता ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। उसके पिता, भाई समझाने गए तो उनके साथ ससुराल के लोगों ने मारपीट कर दी। इसके बाद से लगातार प्रताड़ित करने लगे।

# खड़े डंपर में पीछे से घुसी बाइक, चालक की मौत

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** उत्तरी रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार सुबह बाइक से सब्जी लेने कन्नौज जा रहा एक सब्जी विक्रेता रोड पर खड़े एक डंपर में घुस गया। हादसे मंक सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में विधिक कार्रवाई शुरू की।



प्रभात राठौर।

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के पूरा कस्बा निवासी प्रभात राठौर पुत्र सूरज प्रसाद राठौर सब्जी बेंचकर परिवार का भरण पोषण करता था। सब्जी की दुकान लगाने के लिए वह प्रतिदिन कन्नौज बाजार से सब्जी खरीदने जाता था। हमेशा की तरह शनिवार भोर पहर वह सब्जी खरीदने कन्नौज जाने के लिए निकला था। तभी उत्तरी रेलवे क्रॉसिंग के निकट मोहन पुरवा गांव के सामने कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर मिट्टी लादकर ले जा रहे एक खड़े डंपर में पीछे से घुस गया। हादसे में सब्जी विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज के अनुसार मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर लापरवाही पूर्वक रोड पर खड़े किए गए डंपर को कब्जे में लिया।

## सार-संक्षेप




माई आउटरीच प्रोग्राम का बैनर दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

### डीजी कॉलेज में हुआ माई आउटरीच प्रोग्राम

**कानपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज कानपुर में शनिवार को 'माई आउटरीच प्रोग्राम' आयोजित हुआ। डॉ संगीता सिरोही के निर्देशन में हुई कार्यशाला में महाविद्यालय की नॉलेज इंस्टीट्यूशन प्रभारी डॉ ज्योत्सना पांडे ने सभी छात्राओं को माई भारत पोर्टल के महत्व एवं उस पर रजिस्ट्रेशन करने के संबंध में जानकारियां दी। महाविद्यालय की माई भारत कैंपस एंबेसडर श्रद्धा त्रिवेदी ने एनएसएस की छात्राओं के साथ-साथ महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भी माई भारत पोर्टल पर रजिस्टर करवाया। कार्यक्रम में वॉलिंटियर सिमरन वर्मा व आदिती सहित कार्यक्रम में 75 छात्राएं मौजूद रहीं।



उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### लालच की आग में बुझा घर का चिराग

**कानपुर।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज एवं चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी की ओर से चार दिवसीय नाट्य समारोह में शनिवार को नाटक 'ब्रह्मदोष' का मंचन किया गया। खलासी लाइन स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में हुए आयोजन में अल्बर्ट कामो के लिखे नाटक ब्रह्म दोष का मंचन उमेश कांत के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. आलोक बाजपेयी ने की। नाटक में दिखाया गया कि व्यक्ति अपनी महात्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए किस तरह अनुचित तरीके अपना लेता है, लेकिन उसका परिणाम ठीक नहीं होता है। इंसान की इच्छाएं तो बहुत होती हैं, इसे पूरा करने के लिए वह मेहनत भी करता है। लेकिन कई लोग होते हैं, जो चाहत पूरी करने के लिए गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं और यह भूल जाते हैं कि गलत करके कभी किसी का भला नहीं हुआ है। नाटक भ्रम दोष में यही दिखाया गया। नाटक में खुशप्रीत, परनव, बविता शर्मा, प्रगति शर्मा और किरणदीप ने अभिनय किया।

# गोमाता का पूजन कर गुड़ चना खिला माला पहनाई

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** दिवाली के बाद गोपाष्टमी पर गोमाता का पूजन किया जाता है। इसी के तहत बिल्हौर ककवन क्षेत्र की गौशालाओं में अधिकारी व कर्मचारियों ने गोमाता का पूजन कर गोपाष्टमी मनाई।

बिल्हौर विकासखंड क्षेत्र के ऊधौ निवादा ग्राम पंचायत में बने अस्थाई गौशाला में खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा के साथ भाजपा नेता नीलकमल सिंह चौहान ने गो पूजन कर गोवंशों को गुड़ चना खिलाया। इसके साथ ही अन्य गौशालाओं में भी खंड विकास अधिकारी के द्वारा पूजन किया गया। इसके अतिरिक्त बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र के गौशाला में भी अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा के द्वारा गाय को फल के साथ गुड़ चना खिलाया गया।



गोमाता का पूजन करते श्रद्धालु।

वहीं ककवन कस्बे में भी गौशाला में पंचायत सचिव बाबू सिंह यादव और ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने गाय को गुड़ चना खिलाकर उनका पूजन किया।

# सिमरामऊ में खाद के लिए किसानों में मारामारी

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** खाद की समस्या से किसानों को निजात नहीं मिल पा रही है। सिमरामऊ समिति में खाद पहुंचने पर किसानों में लेने को होड़ मच गई। धक्का-मुक्की के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में किसानों में खाद वितरित कराई गई।

शनिवार को सिमरामऊ साधन सहकारी समिति में किसानों की खाद के लिए सुबह से ही भीड़ जुट गई। जल्दबाजी के चलते किसानों के बीच अफरा-तफरी मच गई और आपस में विवाद होने लगा। इसपर समिति के सचिव धीरेंद्र श्रीवास्तव ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झगड़ रहे लोगों शांत करा कर खाद वितरण शुरू कराया। समिति में छोटा पुरवा, मुरलीपुर, निगोहिया, बड़ापुरवा, बढ़ईनपुरवा आदि गांव से किसान खाद के लिए पहुंचे। समिति का ताला खुलने के पहले ही बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए।



धक्का-मुक्की कर रहे किसानों को समझाता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- पुलिस की मौजूदगी में खाद का कराया गया वितरण

### बनीपारा में खाद न होने से भटक रहे किसान

रूरा क्षेत्र के बनीपारा सहकारी समिति में एक हफ्ते से खाद न होने के चलते किसान भटक रहे हैं। किसानों का कहना है कि एक सप्ताह से खाद नहीं है। जिससे फसलों की बुआई पिछड़ रही है। समिति के सचिव अंकित मिश्रा ने बताया कि सोमवार खाद का स्टॉक आने की संभावना है। जिसके बाद ही वितरित कराई जाएगी।

अव्यवस्था | किसान बोले : किसी को एक बोरी भी नहीं, किसी को 4-4 बोरी दे रहे बीज

# केंद्र पर किसानों को नहीं मिल रहा पर्याप्त बीज

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन के राजकीय बीज भंडार में शनिवार को बीज के लिए मारामारी रही। केंद्र प्रभारी सुमित कुमार के ऊपर किसानों ने चहीते किसानों को अधिक बीज देने का आरोप लगाया है।

किसानों ने बताया कि सुबह से शाम तक वह लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। लेकिन इसके बावजूद कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर केंद्र प्रभारी ने उनको पहले बीज उपलब्ध करा दिया जबकि अन्य किसान लाइन लगाकर शाम तक खड़े रहे और शाम को मायूस होकर घर लौट गए। इसी तरह लगातार कई दिनों से राजकीय कृषि बीज भंडार पर बीज के लिए मारामारी मची हुई है। पूर्व में बीज में मिलने वाली सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से खाते में जा रही थी लेकिन इस बार तत्काल 50 सब्सिडी मौके पर ही दी जा रही है, जिसके चलते बीज लेने वाले किसानों की संख्या अधिक है। जबकि जो छोटे-छोटे किसान है उनको सरकारी बीज से हाथ धोना पड़ रहा है। इससे पहले भी कईबार ककवन राजकीय कृषि बीज भंडार की शिकायत जिला कृषि अधिकारी से की जा चुकी है लेकिन अभी तक अधिकारियों ने मामले में संज्ञान नहीं लिया।




बीज लेने के लिए जमा किसान। अमृत विचार

### किसानों ने बताया दर्द

इधर कस्बा ककवन के कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को वह आधार कार्ड लेकर बीज लेने के लिए गए लेकिन शाम तक इंतजार के बाद भी उनको बीज नहीं मिल सका। इसी तरह सलेमपुर गांव के साहुल सिंह ने भी बताया सुबह से लेकर शाम तक केंद्र पर भारी किसानों की भीड़ लगी रही है इसके अतिरिक्त केंद्र पर तैनात किसान के साथ कर्मचारी भेदभाव भी करते हैं। किसी को चार बोरी दे देते हैं तो किसी को एक भी बोरी नसीब नहीं हो पा रही है। इधर कई स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी पूरे मामले की शिकायत जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह से की है। जिस पर अमर सिंह ने जांच की बात कही है। कहा कि केंद्र पर नियमानुसार पर्याप्त बीज है यदि किसान के साथ भेदभाव की शिकायत आती है तो निश्चित रूप से कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# मोपेड में साड़ी फंसने से मां की मौत, पुत्र घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** साड़ी फंस जाने से मोपेड सवार मां बेटा गिर कर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां महिला की मौत हो गई।

भावनियापुर निवासी सुनील राजपूत की पत्नी गीता (32) भाई दूज पर मायके तिर्वा कोतवाली के धर्मपुर गई थी। शुक्रवार शाम वह पति सुनील और पुत्र कुलदीप (12) के साथ मोपेड से घर लौट रही थी। गुरसहायगंज-ताहपुर मार्ग पर ढ़िपारा के पास गीता की साड़ी का पल्ला मोपेड के पहिए में फंस गया। इससे मोपेड गिर गई और गीता व उनका पुत्र घायल हो गया। लोगों ने घायलों को तिर्वा मेड़िकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान गीता की मौत हो गई।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
January 2025 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## एक नजर

### पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान

**रूरा।** कस्बे में स्थित रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात आरपीएफ व थाना पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग में संदिग्ध व्यक्तियों और उनके बैग की जांच की गई। इस दौरान आरपीएफ चैकी प्रभारी खजान सिंह, दरोगा प्रवीण मिश्र आदि मौजूद रहे।

### मारपीट पर रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मझपटिया गांव की सरिता ने पुलिस को बताया कि पुरानी खुन्नस के चलते गांव के अजयपाल, शिवपाल व संजय ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी शिकायत थाने में की है। थाना प्रभारी ने बताया पीड़िता की तहरीर कर केस दर्जकर जांच की जा रही है।

### रंजिशन युवक पर हमला कर किया घायल

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अंबरपुर में शनिवार सुबह मनोज उर्फ शीलू खेत में पानी लगा रहा था, तभी रंजिशन पारिवारिक लाला, गोलू, श्यामू आदि ने उस पर कुल्हाड़ी, लाठी-बरछी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे मनोज मरणासन्न हो गया। परिजन उसे एंबुलेंस से सीएचसी ले गए, जहां डॉ. सुनील कुमार ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### इटावा से चोरी की बाइक समेत आरोपी गिरफ्तार

**संदलपुर।** शुक्रवार रात मंगलपुर तिराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने रतनियापुर के राममोहन पुत्र पवन कुमार उर्फ चेयरमैन को बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाते हुए रोककर पूछताछ की तो वह आनाकानी करने लगा। कड़ाई से पूछताछ में बाइक चोरी की होना बताया। ई-चालान एप से जांच करने पर पंजीकृत वाहन सुरवेंद्र निवासी नगला दयाली मामन हिम्मतपुर इटावा की होने की जानकारी मिली। वाहन स्वामी ने थाना भरथना जनपद इटावा में बीती 14 फरवरी को बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलपुर पुलिस ने आरोपी को चोरी के मामले में न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

### दो भैंसें चोरी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के गहलों जर्बी निवासी मनीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात को भैंसों को चारा खिलाने के बाद घर के बाहर बांध दिया था। शनिवार की सुबह उठ कर देखा तो उसकी व भाई सुमित की लगभग एक लाख रुपये की कीमत की दो भैंस चोरी हो गई थी। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच के लिए पुलिस को भेजा गया है।

# जिला अस्पताल के दरवाजे टूटे मिले

## मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने किया औचक निरीक्षण, मरीजों से बेहतर व्यवहार के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चे की मां से सुविधाओं की जानकारी लेती सीडीओ।


जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से भी जानकारी ली गई।

**अमृत विचार।** जिला चिकित्सालय में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सीडीओ ने शनिवार को पुरुष व महिला अस्पताल के साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टूटे-फूटे दरवाजे मिले, जिन्हें देखकर उन्होंने जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की हिदायत दी।

मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल पुरुष और महिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, ब्लड बैंक, सर्जरी ओपीडी, लैब पैथोलॉजी, नेत्र ओपीडी, ईएनटी ओपीडी, पैथालॉजी, इंजेक्शन कक्ष, बेबी वार्ड, डायलिसिस, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड कक्ष और दंत रोग ओपीडी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से हालचाल लिया और अस्पताल में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया।

उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिए कि डॉक्टर एवं स्टाफ मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। मरीज को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। इसके लिए रोस्टर से सभी की ड्यूटी लगाई जाए। सीडीओ ने कहा कि डाक्टर व अन्य स्टाफ मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था और बेहतर की जाए। परिसर में यहां वहां पानी आदि न फैलाएं। सीडीओ ने अस्पताल परिसर के शौचालयों की साफ-सफाई भी जांची और टूटे-फूटे दरवाजे दुरुस्त कराने व अस्पताल के विभिन्न स्थलों का अच्छे ढंग से मेंटिनेंस कराने के निर्देश दिए।

### 18 नवंबर को होगा 28वां युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला

■ विकास भवन कार्यालय में सीडीओ लक्ष्मी एन. ने 28वें युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला के सफल आयोजन को लेकर बैठक की। कार्यक्रम में जनपद स्तर पर साइंस मेला (एकल), साइंस मेला (समूह), यंग राइटर्स कॉन्टैस्ट, यंग आर्टिस्ट कॉन्टैस्ट, फोटोग्राफी कॉन्टैस्ट एवं वर्कशॉप, डिक्लेमेशन, डिस्ट्रक्ट कल्चरल फेस्ट (समूह) आदि का आयोजन किया जाएगा। सीडीओ ने कहा कि निर्णायक मंडल द्वारा चयनित कर शासन द्वारा अनुमन्य प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार सहित मोमेंटो आदि दिए जाएं। अधिशासी अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के दिन स्ट्रीट वेंडर्स को भी शामिल किया जाए। इस दौरान सीएमओ डॉ. एके सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया गया। मौके पर 13 बच्चे भर्ती मिले। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि यहां पर उपस्थित किसी भी बच्चे को समस्या न होने पाए। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों से संपर्क कर अतिकुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सीएमओ डा. एके सिंह, सीएमएस पुरुष अस्पताल डा. खालिद रिजवान, फूड डिमान्सट्रेटर सौरभ आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कैंसर पीड़ित दरोगा की इलाज के दौरान मौत


प्रमोद कुमार पाल।

**मूसानगर।** जनपद ललितपुर में तैनात कैंसर पीड़ित दरोगा की इलाज के दौरान दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिंगरसीपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार पाल (53) यूपी पुलिस में दरोगा के पद पर जनपद ललितपुर के थाना बार में तैनात थे। वह लगभग छह माह से मुंह में कैंसर से पीड़ित चल रहे थे। उनका दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। जहां इलाज शुक्रवार को दरोगा की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दरोगा की पत्नी उमा देवी की मौत काफी पहले हो चुकी है। उनकी एकलौती पुत्री आकांक्षा देवी उर्फ वर्षा देवी की सोलह वर्ष की उम्र में मौत हो गई थी। मौत की जानकारी पर अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दरोगा का पोस्टमार्टम कराए के लिए छोटे भाई गोरेलाल ने थाना मूसानगर में सूचना दी। उपनिरीक्षक श्रीराम पटेल ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### सर्पदंश से युवक की मौत पर दी सांत्वना

**राजपुर।** नगर पालिका परिषद के नूरगंज मंडी समिति निवासी शमशाद की सर्पदंश से मौत हो गई थी। जानकारी पर समाजसेवी सुमित सचान उनके निवास स्थान पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। सुमित सचान ने परिजनों को आश्वासन दिया कि वह उच्चाधिकारियों से बातचीत कर हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर मौलाना माजिद, हाफिज निसार, शादाब, कल्लू, गणेश, मुस्ताक, जलील, शानी, लाला, हाफिज सैफुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।


मंगलपुर की रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### लक्ष्मण-परशुराम संवाद में गूंजते रहे जयकारे

**मंगलपुर।** श्री जगदंबा रामलीला कमेटी मंगलपुर के तत्वावधान में चल रही 58 वीं रामलीला में शुक्रवार रात सीता स्वयंवर, धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। इस दौरान परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनने के लिए लोग रात भर डटे रहे। रामलीला मंचन में राजा जनक की ओर से आयोजित स्वयंवर में शर्त रखी गई कि जो भी भगवान शिव के धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाएगा। उसी के साथ सीताजी का विवाह होगा। स्वयंवर में एक से बढ़कर एक राजा आए, लेकिन कोई भी धनुष को हिला तक नहीं पाया। तब भगवान श्रीराम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर जैसे ही धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं। तभी धनुष जोर की आवाज के साथ वह टूट जाता है। जब शिव धनुष टूट गया तो उसकी आवाज को सुनकर समाधि से जागे भगवान परशुराम राजा जनक के दरबार आए और वहां अनेक राजाओं की भीड़ देख कर पहले सभी को आशीर्वाद दिया। बाद में अपने प्रिय धनुष के टुकड़े देकर वह क्रोध से भर उठे और जनक से बोले कि कहु जड़ जनक धनुष कै तोरा.., जिसने धनुष तोड़ा है। उसे शीघ्र मेरे सामने कर दो नहीं तो तुम्हारे राज्य को नष्ट कर दूंगा। इस पर उनका लक्ष्मणजी के साथ संवाद होता है। भगवान श्रीराम के अवतार लेने की जानकारी पर परशुरामजी वापस वन को चले गए। यहां युवा समाजसेवी ध्रुव यादव, सौरभ त्रिवेदी, शुभम त्रिवेदी, अनिरुद्ध पाठक आदि मौजूद रहे।

### अचरौली में जहर खाने से युवक की मौत

**संदलपुर।** अचरौली निवासी एक युवक ने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मंगलपुर थाना क्षेत्र में अचरौली गांव के रहने वाले शिव सिंह (40) ने संदिग्ध हालात में घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी घर पर किसी को भनक नहीं लगी। काफी देर तक चारपाई पर लेटे रहने के कारण परिजनों ने जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची संदलपुर चैकी पुलिस ने जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक शराब का लती था और उसकी पत्नी काफी दिनों से ससुराल नहीं आ रही थी। जिसको लेकर युवक तनाव में था।

# शिकायतों का गंभीरता से करें समाधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



रनियां में शिकायत सुनते जिलाधिकारी आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

● जिलाधिकारी और एसपी ने रनियां थाने में सुनीं शिकायतें

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने रनियां थाने में शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। अन्य थानों में भी समस्याओं को सुना गया।

शनिवार को थाना समाधान दिवस पर डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने थाना रनियां में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप जन शिकायतों को प्राथमिकता पर रखते हुए संतुष्टिपरक निस्तारण कराया जाए। राजस्व व भूमि विवादों में संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निस्तारण कराए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इसी तरह थाना राजपुर में समाधान दिवस के दौरान सिलहरा गांव के उमाशंकर ने शिकायती पत्र में बताया कि उसके खेत में आने जाने के लिए रास्ता नहीं है, जबकि चकबंदी के समय नक्शे में उसके खेत तक 21 फीट चौड़ा चकरोड अंकित है। राजस्व अधिकारियों की ओर से नाप भी कराई गई, लेकिन ग्राम प्रधान भी चकरोड बनाने के लिए तैयार है। आरोप है कि गांव के तीन लोगों ने कच्चा चकरोड जोत लिया है।

इसी तरह कमलपुर गांव के श्री हनुमान जी महाराज मंदिर के महंत रामकरन दास जी महाराज ने बताया कि कमलपुर की गाटा संख्या 433 की भूमि श्री हनुमान मंदिर के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आरोप है कि मंदिर की जगह पर गांव का एक व्यक्ति जबरन मिट्टी डालकर अवैध कब्जा करने पर आमादा है। वहीं खोजारामपुर बांगर गांव के सेवानिवृत फौजी राममूरत सिंह ने गांव के व्यक्ति व उसकी पत्नी पूजा द्वारा पैसे न देने, सामान की बेईमानी व हरा नीम का पेड़ काटने की शिकायत की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि दिवस मे चार शिकायतें आई हैं।

# पुआल जलाने के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

संवाददाता, संदलपुर

● पुलिस ने वायरल वीडियो का लिया संज्ञान, जांच शुरू

● दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रामगढ़ी गांव में पुआल जलाने के आरोप को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दोनों पक्षों की तहरीर व वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस ने जांच शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ी गांव की रहने वाली ज्योति पत्नी श्रीकांत के घर के बाहर पुआल का ढेर लगा था। शुक्रवार की देर रात पुआल के ढेर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे पुआल पूरी तरह जल गया। पुआल जलने को लेकर ज्योति और उसके पड़ोस के रहने वाले संजय, टिंकू आदि के बीच आरोप-प्रत्यारोप के साथ कहासुनी होने लगी। विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। शनिवार को इस मामले को लेकर एक पक्ष की ज्योति ने पड़ोस के संजय, टिंकू आदि पर पुआल जलाने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए में पुलिस से शिकायत की है। वहीं दूसरे पक्ष से से संजय ने बेवजह आरोप लगाकर विवाद करने के आरोप में शिकायत की है। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि मामले में वायरल वीडियो व तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विधिक सेवा दिवस पर निकाली रैली

संवाददाता, राजपुर/रूरा



जागरूकता रैली निकालते राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर के शिक्षक व छात्र।

**अमृत विचार।** विधिक सेवा दिवस पर राजपुर व रूरा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को अपने अधिकारों व कानून की जानकारी दी गई।

राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर में प्रधानाध्यापक शबाना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जनता को कानून से संबंधित सामान्य बातों से परिचित कराकर उनको सशक्त करना है। जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। कानूनों के निर्माण में लोगों की भागीदारी बढ़ती है और शासन की स्थापना की दिशा में प्रगति होती है। सहायक अध्यापक सुशील कुमार ने कहा कि सोमवार को कैरियर मेला, वोकेशनल कोर्स एवं कौशल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले एवं तहसील स्तर के अधिकारियों द्वारा सरकार की योजनाएं एवं छात्रों के भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर अभिषेक मिश्रा, अजय कुमार कश्यप आदि ने विचार व्यक्त किए।

इसी तरह रूरा क्षेत्र के राष्ट्रीय सार्वजनिक इंटर कॉलेज भिखनापुर में राष्ट्रीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली बैजूपुरवा व भिखनापुर गांव तक निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नए कानून, महिला हेल्प लाइन व अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। यहां प्रधानाचार्य अजय पाल शर्मा, उप प्रधानाचार्य सुशील कुशवाहा, शिक्षक पुष्पेंद्र राजावत, सुरेश सिंह चैहान, शशिकांत, अतुल पांडेय, अरविंद शर्मा, संदीप कुमार, अशोक त्रिपाठी, भगवानदीन वर्मा, विराट पाठक, किशनबाबू, श्रुति गुप्ता, नेहा दीक्षित, बाबू अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# हमला कर दंपति को किया घायल

**सिकंदरा।** क्षेत्र के जटियापुर गांव में दबंगों ने घर में घुसकर पति-पत्नी व उसके बच्चों को लाठी-डंडों से पीटा। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया।

जटियापुर में इंटरलाकिंग सड़क को लेकर दो परिवारों के बीच तब झगड़ा शुरू हो गया जब आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे लेकर डालचन्द्र के घर में पत्नी व बच्चों को घसीटकर पीटने लगे। डालचन्द्र की पत्नी का सिर फट गया। दबंगों ने डालचन्द्र को जमीन पर पटक कर लात- घूंसों से पीटा। आरोप है कि मारपीट के दौरान महिला के कान के बाले नोच लिए और डालचन्द्र की जेब से 20 हजार रुपये निकाल लिए। थाना प्रभारी महेश कुमार ने कहा कि तहरीर पर जांच होगी।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी0- 202403400704375 सन्- 2024
अन्तर्गत धारा- 116 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006, ग्राम- रास्तपुर, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात
**अशोक कुमार**
बनाम
**ध्रुव कुमार आदि**
1. ध्रुव कुमार पुत्र रामकृष्ण, नि0-ग्राम नहरीबरी रास्तपुर, तह0 मैथा, कानपुर देहात, 2. श्रवण कुमार पुत्र रामकृष्ण, न0-ग्राम नहरीबरी रास्तपुर, तह0 मैथा, कानपुर देहात, 3. प्रहलाद पुत्र रामकृष्ण नि0-ग्राम नहरीबरी रास्तपुर, तह0 मैथा, कानपुर देहात, 4. विजय सिंह पुत्र मेवालाल नि0-ग्राम नहरीबरी रास्तपुर, तह0 मैथा, कानपुर देहात,5. गीता पत्नी शिव सिंह नि0-ग्राम नहरीबरी रास्तपुर, तह0 मैथा, कानपुर देहात,
बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12/11/2024ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्षन मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 04/11/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी0- 202403400704304 सन्- 2024
अन्तर्गत धारा- 116 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006, ग्राम- नरसूझा, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात
**सन्तोष कुमार**
बनाम
**शिवम शुक्ला आदि**
1. शिवम शुक्ला पुत्र देवनरायन, नि0ग्रा0 बगदौधी बांगर रामलीला मैदान, मन्धना कानपुर नगर, 2. श्रीमती सियाजानकी पत्नी कन्हैया लाल नि0-ग्रा0 डुडौली, तह0- डेरापुर कानपुर देहात।, 3. श्रीमती बिटान देवी पत्नी रामनाथ पाल, नि0- ग्रा0 देवीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात, 4.श्रवण कुमार पुत्र कृपाशंकर, नि0- ग्राम-नरसूझा, तह0- मैथा, जिला कानपुर देहात
बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत... दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12/11/2024ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्षन मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 04/11/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊमरपुर विकास खण्ड राजपुर कानपुर देहात**
पत्रांकः- मेमो/निविदा-मनरेगा/ग्रा0पं0/ ऊमरमपुर/2024-25 दिनांक 09/11/2024
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत ऊमरपुर में मनरेगा/I.C.D.S/ पंचम राज्यवित्त व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ऊमरपुर में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग / लघु सिचाई/लोक निर्माण विभाग/व्यापार कर में पंजीकृत ठेकेदारों/बिल्डिंग मटेरियल आपूर्ति कर्ताओं से निर्माण कार्य हेतु अलग अलग मुहरबंद निविदाएँ दिनांक 25/11/2024 तक अपरान्ह 3 बजे ग्राम पंचायत ऊमरपुर में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराहन 4 बजे अधोहँस्ताचारी द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी निविदा की दरें जी0एस0टी0 कर सहित दरे मान्य होगी जोकि अलग से देय होंगी ग्राम पंचायत को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य स्थल का विवरण | सामग्री आपूति की अवधि | अनुमानित लागत सामग्री अंश | अधरोह धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत ऊमरपुर में प्राथमिक विद्यालय ऊमरपुर में आगनवाडी केन्द्र का भवन निर्माण | प्राथमिक विद्यालय ऊमरपुर | 15 दिन | 1047281.00 | 20946 | 500 |

नियम व शर्तें -
1- निविदा प्रपत्र केवल पंजीकृत फर्म ठेकेदार को ही निर्गत की जाएँगी।
2- निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशी के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र एफ0डी0 आर0 जो सचिव ग्राम पंचायत के पद के नाम बंधक हो जमा करनी होगी
3- निविदा स्वीकृत्त किये जाने की दशा में निविदा दाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदा अनुसार स्टाम्प शुल्क देना होगा।
4- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास निहित रहेगा।

**इन्द्र पाल**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ऊमरपुर
कानपुर देहात

**धर्मेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत ऊमरपुर
कानपुर देहात

धर्म-अध्यात्म

32वें वेदांत संत सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सुनाई कथा

# प्रभु की कथा सुनने से दूर होती व्यथा

संवाददाता, मूसानगर


अच्युत ब्रह्मधाम में कथा की अमृतवर्षा से सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार


कथा सुनातीं साध्वी निरंजन ज्योति।

**अमृत विचार।** अच्युत ब्रह्मधाम अखंड परमधाम मूसानगर में चल रहे 32 वें भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन के दूसरे दिन कथा के दौरान व्यास पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि भगवान श्री कृष्णा के मृत्यु लोक से देवलोक प्रस्थान करने के साथ ही कलियुग का आगमन हुआ।

उन्होंने कहा कि कलयुग में धर्म का रास्ता छोड़कर धर्म पर चलने वाले लोगों का पतन निश्चित हो जाता है। वह चाहे जितना ही शक्तिशाली क्यों ना हो। महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का मृत्यु लोक से देवलोक को जब प्रस्थान हुआ। तभी कलियुग का आगमन हुआ।

उन्होंने कहा कि महाभारत के युद्ध के दौरान अभिमन्यु की मृत्यु के समय उनकी पत्नी उत्तरा गर्भवती थी। एक बार अश्वत्थामा ने गर्भ में पल रहे बच्चे को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र छोड़ दिया, लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से उत्तरा के गर्भ की रक्षा की। कलियुग में धर्म का मार्ग ही अपनाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि राम कथा सुनने से व्यथा समाप्त हो जाती है। अंत में जयंत की कथा सुनाई गई। इस दौरान साध्वी निर्मल ज्योति, स्वामी वेदानंद गिरि, स्वामी कूटस्थानंद, स्वामी उमेशानंद, स्वामी महेशानंद, स्वामी परमप्रकाश, राजेंद्र निषाद, विद्या सागर त्रिपाठी, राहुल निषाद, सत्येंद्र गुप्ता, प्रिंस साहू, अमर सिंह निषाद, नीरज पांडेय, दयाशंकर गुप्ता, राजू चैहान आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी0- 202403400704305 सन्- 2024
अन्तर्गत धारा- 116 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006, ग्राम- नरसूझा, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात
**सन्तोष कुमार**
बनाम
**विपिन कुमार आदि**
1. सोनू पाल पुत्र श्यामपाल, नि0- ग्रा0 देवीपुर तह0 मैथा जिला कानपुर देहात, 2. शिवम शुक्ला पुत्र देवनरायण, नि0- ग्रा. बगदौंधी बांगर रामलीला मैदान, मन्धना कानपुर नगर । 3. श्रीमती सिया जानकी पत्नी कन्हैयालाल नि0- ग्रा0 डुडौली तहसील डेरापुर जनपद कानपुर देहात, 4.श्रवण कुमार पुत्र कृपाशंकर, नि0-ग्राम नरसूझा, तह0 मैथा कानपुर देहात,5. विपिन पाल पुत्र श्याम पाल, नि0-ग्राम देवीपुर तह0 मैथा, कानपुर देहात
बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12/11/2024ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्षन मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 04/11/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी0- T202203400702096 सन्- 2024
अन्तर्गत धारा- 116 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006, ग्राम- भटुवामऊ, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात
**आशीष कुमार**
बनाम
**मनीष कुमार आदि**
1. राजन लाल पुत्र राम स्वरूप मृतक बादहू शिवम पुत्र राजनलाल, निवासी-ग्राम- भटुवामऊ, तहसील मैथा, जनपद- कानपुर देहात 2. बलराम पुत्र रामस्वरूप, निवासी-ग्राम-भटुवामऊ, तहसील मैथा, जनपद- कानपुर देहात 3. देवनरायन पुत्र रामस्वरूप, निवासी- ग्राम-भटुवामऊ, तहसील मैथा, जनपद- कानपुर देहात
बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत... दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12/11/2024ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्षन मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 04/11/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खोजारामपुर, विकास खण्ड राजपुर, कानपुर देहात**
पत्रांकः मेमो/निविदा-मनरेगा/ग्रा0पं0/ खोजरामपुर /2024-25 दिनांक 09/11/2024
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत खोजरामपुर में मनरेगा/L.C.D.S/पंचम राज्यवित्त व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खोजरामपुरमें ग्रामीण अभियंत्रण विभाग / लघु सिचाई / लोक निर्माण विभाग/व्यापार कर में पंजीकृत ठेकेदारों/बिल्डिंग मटेरियल आपूर्ति कर्ताओं से निर्माण कार्य हेतु अलग अलग मुहरबंद निविदाएँ दिनांक 25/11/2024 तक अपरान्ह 3 बजे ग्राम पंचायत खोजरामपुर में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराहन 4 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी निविदा की दरें जी0एस0टी0 कर सहित दरे मान्य होगी जोकि अलग से देय होंगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य स्थल का विवरण | सामग्री आपूति की अवधि | अनुमानित लागत सामग्री अंश | अधरोह धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत खोजरामपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय खोजरामपुर में आगनवाडी केन्द्र का भवन निर्माण | उच्च प्राथमिक विद्यालय खोजरामपुर | 15 दिन | 1047281.00 | 20946 | 500 |

नियम व शर्तें -
1- निविदा प्रपत्र केवल पंजीकृत फर्म ठेकेदार को ही निर्गत की जाएँगी।
2- निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशी के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र एफ0डी0 आर0 जो सचिव ग्राम पंचायत के पद के नाम बंधक हो जमा करनी होगी
3- निविदा स्वीकृत्त किये जाने की दशा में निविदा दाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदा अनुसार स्टाम्प शुल्क देना होगा।
4- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास निहित रहेगा।

**कमलेशा देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खोजरामपुर
कानपुर देहात

**धर्मेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत खोजरामपुर
कानपुर देहात

## एक नजर

### गृह कलह के चलते महिला ने खाया जहर, भर्ती

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव जमाल नगर के मजरा गहरावा निवासी 42 वर्षीय राजरानी पत्नी रामनाथ ने पारिवारिक कलह के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गये, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर हालत में सुधार न होता देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अनियंत्रित बाइक माइनर में गिरी, युवक गंभीर

**बांगरमऊ।** जिला कासगंज के गांव श्यामपुर निवासी बसंत (34) पुत्र सुबेदार निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे से संबद्ध एक निर्माण कंपनी का कर्मचारी है। वह बीती शुक्रवार देररात एक्सप्रेस-वे पर काम करने बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में शेरपुर कलां माइनर मार्ग पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर माइनर में चली गई। इसमें बसंत गंभीर घायल हो गया। पीछे से जा रहे कंपनी के ट्रक चालक ने उसे देखकर आनन-फानन सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गर्भवती महिलाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह

**पुरवा।** प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस पर सीएचसी में शनिवार को 82 गर्भवती महिलाओं का महिला चिकित्सक डॉ. रजनी अवस्थी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं की खून के जांच भी की। महिलाओं को सलाह दी कि वे समय से टीकाकरण कराएं। सभी को आयरन व कैल्शियम की दवाएं दीं।

### ढाबे में बिकती मिली शराब संचालक पकड़ा गया

**सोहरामऊ उन्नाव।** हरदोई जिला के सदर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी विनोद बाजपेई के बेटे अनिल ने दही थानाक्षेत्र के झंझरी गांव के पास किराए की जगह लेकर ढाबा खोल रखा है। जिसे वह खुद चलाता है। बीते शनिवार दही पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने उसके ढाबे में छापा मारकर देशी शराब के 15 क्वार्टर बरामद किए। इसके बाद पुलिस अनिल को थाने लाई। जहां उस पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई की गई थी।

# मां ने 7 दिन की बच्ची को चूल्हे में फेंका, हालत गंभीर

## पिता ने पत्नी पर लगाया शराबी होने का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


परिजन की गोद में नवजात बच्ची।

**अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां पर शराब की लती एक मां ने अपनी 7 दिन की नवजात बच्ची को जलते चूल्हे में फेंक दिया, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई है। घटना की जानकारी पर पति ने नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। वहां पर वह बच्ची अब जिंदगी से जंग लड़ रही है। पुलिस ने खबर का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की है।

आसीवन थानाक्षेत्र के कायमपुर निंबरवारा गांव निवासी सोनू के 2 बेटियां व 1 बेटा हैं। 7 दिन पहले सोनू के घर एक बार फिर बेटी का जन्म हुआ तो परिवार में खुशी का माहौल उत्पन्न हो गया। लेकिन, नशे की लती उसकी मां शशि ने उसे देररात जलते चूल्हे में फेंक दिया। नवजात की चीख सुनकर पहुंचा पिता बेटी को चूल्हे में पड़ा देख सन्न रह गया। आनन-फानन उसने बच्ची को आग से उठाकर सीएचसी मियागंज में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत में उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। डॉक्टर के अनुसार, बच्ची 50 फीसदी से अधिक झुलस गई है। पुलिस ने सोशल मीडिया से खबर का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की है। सोनू ने बताया कि पत्नी नशा करती है। जिसके चलते उसने नवजात बच्ची को चूल्हे में फेंक दिया है। जिसका इलाज चल रहा है।

# बीयर फैक्ट्री में खौलते पानी की चपेट में आने से दो श्रमिक झुलसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


अस्पताल में भर्ती श्रमिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र अकरमपुर-चकरामपुर स्थित बीयर फैक्ट्री में देररात खराब पंप सही करने उतरे दो श्रमिक खौलते पानी की बौछार से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख सुन साथी दौड़े और उन्हें किसी तरह बाहर निकाला। प्रबंधन से जुड़े लोग उन्हें जिला अस्पताल लाए, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। लेकिन परिजन निजी अस्पताल में उनका इलाज कराने की मांग करते हुए आक्रोशित हो गए। बाद में उन्हें समझाकर प्रबंधन उर्सला अस्पताल ले गया।

- फैक्ट्री प्रबंधन के रवैये से आक्रोशित हुए परिजन

सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र में बीयर फैक्ट्री संचालित है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिक शुक्रवार की रात पाली में ड्यूटी कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में वाटर पंप में तकनीकी खराबी आ गई। बिना सुरक्षा उपकरणों के अरविंद (35) पुत्र राम गोपाल व आदित्य सोनी पुत्र विशाल खराबी ठीक करने चेंबर में उतरे थे। तभी वह बीयर बनाने में प्रयोग होने वाले खौलते पानी की बौछार की चपेट में आकर झुलस गए। उनकी चीख सुन साथियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन उन्हें साथी श्रमिकों ने बाहर निकाला। इस दौरान एक अन्य श्रमिक भी मामूली रूप से झुलस गया। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टर ने उन्हें कानपुर रेफर किया। इस दौरान परिजन भी जिला अस्पताल पहुंचे और हैलट जाने से इनकार करते हुए निजी अस्पताल में इलाज कराने की मांग करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन श्रमिकों का उत्पीड़न करता है। मामला सुर्खियों में आने के बाद पुलिस ने जांच करने की बात कही है।

## सार-संक्षेप

### चोरों ने पार किए नकदी व जेवर

**उन्नाव।** ग्रिल काटकर घर में दाखिल हुए चोर जेवर व नकदी उठा ले गए। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बिहार थानाक्षेत्र के नारेंद्रपुर गांव निवासी सुभाष पुत्र हुकुम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह खाना खोकर परिजनों के साथ सो गया। शनिवार सुबह वह दूसरे कमरे में पहुंचा तो खिड़की में लगी ग्रिल व जाली गायब थी। कमरे में रखी अलमारी में रखा सामान फैला पड़ा था। लॉकर में रखे कीमती जेवर व नकदी गायब थी। दीपावली पूजन के बाद से सारा जेवर इसी अलमारी में रखा था। एसओ सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### अनापत्ति प्रमाणपत्र के लिए सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**उन्नाव।** अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने के नाम पर सुविधाशुल्क मांगने के आरोप पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सदर तहसील की एक महिला अफसर और वीआरसी पर जांच बैठाई है। लाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय को जांच के निर्देश दिए हैं। सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक स्थित एक एजूकेशन सेंटर के प्रबंधक ने आरोप लगाया कि स्कूल की सीबीएसई व आईसीएसई नई दिल्ली से सम्बद्धता के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र के संबध में सदर तहसील से महिला अफसर जांच करने गई थी। जांच में कुछ कमी होने के कारण प्रबंधक को तहसील बुलाया गया था। जिससे नाराज होकर प्रबंधक द्वारा एसडीएम सदर के सामने उपस्थित होकर कहा कि जांच को लेकर उनसे सुविधाशुल्क की मांग की जा रही है। आरोप है कि महिला अफसर द्वारा वीआरसी से सुविधाशुल्क मांग करने का दबाव बनाया गया था। जिस पर अधिकारी के साथ वीआरसी को भी जांच के दायरे में लिया गया है। दोनों पक्षों को आगे की जांच के लिए 11 नवंबर को साक्ष्य के साथ बुलाया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने कहा कि अनापत्ति पत्र के संबध में अनैतिक मांग करने के आरोप स्कूल प्रबंधक ने लगाए हैं।

### सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हुए 4 संदिग्ध


घर के भीतर झांकता संदिग्ध युवक।

**सोहरामऊ।** थानाक्षेत्र के गांव लालपुर के मजरा चुन्नीखेड़ा निवासी प्रताप पुत्र जगमोहन लोधी ने बताया कि वह गांव से बीती सात नवंबर की रात हाईवे की ओर जा रहा था। अभी वह लालपुर पहुंचा ही था कि चार लोग आसपास के घरों में ताकाझांकी करते दिखे। टोकने पर चारों ने उसे पकड़ लिया और पीटने लगे। इसी दौरान एक ने उसके सिर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे वह गिर गया। इसके बाद वे सभी सोहरामऊ कस्बा में देव मोबाइल के नाम की दुकान में घुसे। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद सोहरामऊ पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंची और पीड़ितों से पूछताछ की। लेकिन, पीड़ितों ने किसी कार्रवाई से मना कर दिया। एसओ सोहरामऊ शरद कुमार ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर वायरल सीसीटीवी देखकर वे मौके पर गए थे। लेकिन, दोनों लोगों ने कार्रवाई से मना कर दिया है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है।

### मवेशियों से टकराई बाइक, 1 की गई जान व दूसरा घायल

**उन्नाव।** माखी थानांतर्गत मजदूरी कर लौट रहे युवक की बाइक अचानक सामने आए मवेशियों के झुंड से टकराकर फिसल गई। इसमें एक युवक की मौत हो गई वहीं, दूसरा घायल हो गया। जिसे गंभीर हालात में कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। माखी थानाक्षेत्र के गांव सुदेशा बहादुरपुर निवासी लवकुश (24) मजदूर था। शनिवार शाम छह बजे वह रुपऊ में मजदूरी कर गांव निवासी शिवप्रसाद के साथ बाइक से लौट रहा था। तभी थानाक्षेत्र के रुपऊ-सुदेशा बहादुर मार्ग पर पुलिया के पास मवेशियों का झुंड अचानक सामने आ गया। जिससे उसकी बाइक मवेशियों से टकराकर फिसल गई। जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर गए। लवकुश के ऊपर से कई मवेशी निकल गये। घायल युवकों को ग्रामीणों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने लवकुश को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवप्रसाद को गंभीर हालत में हैलट भेज दिया गया। मौत की सूचना पर मां मीना रो-रोकर बेहाल है। पिता की दो वर्ष पूर्व मौत हो गई थी।

# अलग-अलग गावों से 2 किशोरियां हुईं लापता

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बहलाकर ले जाने का परिजनों ने लगाया आरोप

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। बड़ा बेटा एक मामले में जेल में बंद है। 23 अक्टूबर को वह पत्नी के साथ उससे मिलाई करने जेल गया था। बेटी एक निजी विद्यालय में परीक्षा देने गई थी। वे शाम को लौटे तो बेटी घर पर नहीं थी। उसने विनीत, विनोद, प्रभूदयाल, रामलखन, राजेश पर आरोप लगाया कि वे लोग पहले फोन पर धमकी देते थे। आशंका जताई कि बेटी को उन्हीं लोगों ने कहीं गायब कर दिया है।

वहीं इसी थानाक्षेत्र एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी की मां ने तहरीर में बताया कि उसकी बड़ी बेटी दिल्ली में रहती है। उसकी छोटी बेटी भी उसके पास गई थी। पांच नवंबर को बस से लौटकर चकलवंशी चौराहे पर वह उतरी लेकिन घर नहीं पहुंची। पिता का आरोप है कि गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा निवासी सचिन बेटी को बहलाकर बाइक से ले गया है।

# फायरिंग करने वाला भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


आशीष त्रिवेदी।

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला सिविल लाइंस में युवक को चाकू मारने के बाद फायरिंग करने के आरोपी युवक को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइंस मोहारी बाग बंधुहार निवासी उद्धव उर्फ विशाल शुक्रवार शाम करीब छह बजे घर से निकलकर एक स्वीट हाउस के पास खड़ा था। तभी तीन बाइकों से वहां आए हमलावरों से उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद उन्होंने उससे मारपीट शुरू कर दी। वहां से निकले राहगीरों ने इसका वीडियो भी बना लिया था। मोहल्ले के युवक से मारपीट होती देख लोगों ने हमलावरों को ललकारा तो अन्य साथी भाग निकले। खुद को फंसे देख एक हमलावर ने तमंचे से फायरिंग कर दी थी। लेकिन दूसरा फायर करने से पहले घायल युवक ने लोगों की मदद से पिस्टल छीनकर उसे दबोच लिया था। पकड़े गए दही थानाक्षेत्र के शिवनगर मोहल्ला निवासी आशीष त्रिवेदी को कोतवाली भेजने के साथ घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। सदर कोतवाली व दही थाना पुलिस ने रात में दबिश दी लेकिन अन्य आरोपी पकड़ से अभी भी दूर हैं।

### तमंचा सप्लायर पर है पुलिस की नजर

**उन्नाव।** आशीष ने जिस तमंचा से फायर किया था उसे पुलिस ने मौके से बरामद किया था। पुलिस की पूछताछ में आशीष ने तमंचा सप्लायर का भी नाम बताया है। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि उसे भी जल्द ही पकड़ा जाएगा।

# 300 जोड़ों के हाथ पीले कराने में खर्च होंगे 1.53 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



- 12 नवंबर को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले के 300 जोड़ों के हाथ पीले कराए जाएंगे। योजना के लिए समाज कल्याण विभाग ने सभी ब्लॉकों से आवेदन मांगा था। जिसमें आवेदकों की जांच के लिए विभागीय टीम ने घर-घर जाकर जांच की। इसके बाद पात्रों की सूची तैयार कर विभाग ने आयोजन के लिए 1.53 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया है। अब आगामी 13 नवंबर को इस राशि से 300 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह ने बताया कि जिले की सभी विधानसभा वार विवाह शुभ मुहूर्त में कराए जाएंगे। आचार्य ने 13 नवंबर का शुभ मुहूर्त निकाला है। इसमें करीब 300 जोड़ों की शादियां कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक विवाह पर सरकार 51,000 रुपये खर्च करेगी। इसमें 35 हजार कन्या के खाते में भेजे जाएंगे। वहीं, 10000 के कपड़े, पायल, बर्तन व वस्त्र दिये जाएंगे। शेष 6000 रुपये पंडाल और खाने-पीने में खर्च होंगे।

### यह होंगे जिले के विधानसभा वार वैवाहिक स्थल

- सदर विधानसभा में विकासखंड सरोसी
- भगवंतनगर विधानसभा में विकासखंड बीघापुर
- पुरवा विधानसभा में विकासखंड पुरवा
- हसनगंज विधानसभा में मोहान स्थित राम सिंह लालता सिंह इंटर कालेज
- सफीपुर विधानसभा में विकासखंड परिसर सफीपुर
- बांगरमऊ विधानसभा में मां ललिते अंबे लॉन महमदबाद गंजमुरादाबाद

# ट्रेन से गिरकर गई युवक की जान

**उन्नाव।** ट्रेन के गेट के पर बैठकर यात्रा कर रहे युवक की नीचे गिरने से मौत हो गई। साथी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

भदोही जिला के जामुल गांव निवासी मो. कैफ (19) पुत्र अलाउद्दीन अंसारी साथी दानिश के साथ कानपुर प्रतापगढ़ इंटरसिटी से लखनऊ जा रहा था। वह ट्रेन के गेट पर बैठा था। तभी कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर अजगैन रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक किनारे दो अन्ना मवेशी लड़ते-लड़ते उसी कोच से टकरा गए जिसमें कैफ बैठा था। झटका लगने से उसके हाथ से हैंडल छूट गया और वह नीचे गिर गया। दानिश ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोककर घायल साथी के पास पहुंचा और एंबुलेंस से उसे अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने कैफ को मृत घोषित कर दिया। उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों के आने पर अजगैन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उनके सुपुर्द कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# राजा हरिश्चंद्र नाटक देख दर्शक हुए भाव-विभोर

संवाददाता सफीपुर उन्नाव


राजा हरिश्चंद्र नाटक का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचार।** कस्बा सफीपुर के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रही रासलीला के चौथे दिन सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की लीला का मंचन किया गया। यह करुण लीला का मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

लीला में दर्शाया गया कि लाख मुसीबतें आने के बाद भी राजा हरिश्चंद्र ने सत्य का मार्ग नहीं त्यागा था। एक बार देवराज इंद्र की सभा में वशिष्ट मुनि आते हैं और बताते हैं कि तीनों लोक में राजा हरिश्चंद्र का डंका बज रहा है। बचपन से लेकर आज तक उन्होंने कभी झूठ नहीं बोला है। सभा में महर्षि विश्वामित्र भी बैठे थे। उन्होंने कहा कि ऐसा हो ही नहीं सकता। इस पर उपस्थित सभी देवताओं व मुनियों ने कहा कि आप राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा ले सकते हैं। महर्षि विश्वामित्र ने पहले तो छल से राजा हरिश्चंद्र के पास से लक्ष्मी, धर्मदेव व सत्यदेव को ले लिया और इनकी जगह दरिद्र नारायण को बैठा दिया। माली की शिकायत पर क्रोधित राजा हरिश्चंद्र ने जब सुअर की तलाश की तो उन्हें साधु वेषधारी विश्वामित्र मिले। उन्होंने कहा कि आप के बारे में बहुत सुना है, मुझे भी आपसे दान की आशा है। इस पर राजा ने पूछा कि आपको क्या चाहिए। तब ऋषि ने उनसे वचन लिया तब महर्षि विश्वामित्र ने उनसे उनका राजपाठ मांग लिया। राजा ने कहा कि इसके लिए उन्हें समय चाहिए और वे अपनी पत्नी तारा व पुत्र रोहित के साथ वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने खुद, पत्नी व पुत्र को 60 भर सोने के एवज में कालू भंगी रूपी सत्यदेव को बेच दिया और कालू भंगी के यहां नौकरी करने लगे। विश्वामित्र यहां भी नहीं रुके। उन्होंने सांप का रूप धारण कर रोहित को डस लिया। तब मां तारा ने अपनी साड़ी आधी फाड़कर रोहित का कफन बनाया और उसमें लपेटकर उस घाट पहुंची जहां राजा हरिश्चंद्र नौकरी कर रहे थे।

लीला मंचन देख दर्शन भावविभोर हो गए। इस दौरान घनश्याम गुप्ता, छोटा बाबू, सतीश गुप्ता, राजेश अग्निहोत्री, प्रेमनारायण तिवारी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर, उन्नाव

पत्रांक बी.आर.सी./जर्जर भवन निलामी/406-सी/2024-25 दिनांक: 09/11/2024

**विषय-जनपदीय समिति द्वारा जर्जर घोषित विद्यालय भवनों के नीलामी एवं ध्वस्तीकरण के सम्बन्ध में।**

**नीलामी-विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नवत विद्यालयों के जर्जर भवनों की नीलामी विद्यालय के नाम के सम्मुख अंकित तिथि व समय को विद्यालय प्रांगण में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | जर्जर विद्यालय का नाम | जर्जर भवन | मूध्यंकित धनराशि | नीलामी का दिनांक | नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 अहिरौरा प्रथम | विद्यालय का मूल भवन | 0.39 | 18/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 2 | प्रा0वि0 मुबारकपुर | मूल भवन एवं एक अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.6 | 18/11/2024 | दोपहर: 01:30 बजे से |
| 3 | प्रा0वि0 कोडरा बखत खेडा | बालक एवं बालिका शौचालय | 0.12 | 19/11/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 4 | प्रा0वि0 पाल्हेपुर | रसोईघर | 0.08 | 19/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 5 | उ0प्रा0वि0 ऊंचगाँव | विद्यालय का मूल भवन, एक अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.82 | 20/11/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 6 | प्रा0वि0 ऊंचगॉव | रसोईघर | 0.64 | 20/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 7 | प्रा0वि0 नरहरपुर | विद्यालय का मूल भवन | 0.6 | 25/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 8 | प्रा0वि0 सांझामऊ | विद्यालय का मूल भवन, एक अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.7 | 25/11/2024 | दोपहर: 01:30 बजे से |
| 9 | उ0प्रा0वि0 सिरियापुर कम्पो0 | प्रा0वि0 के दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, उ0प्रा0वि0 का मूल भवन | 0.49 | 26/11/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 10 | प्रा0वि0 रामपुर लोन | विद्यालय का पुराना मूल भवन | 0.28 | 26/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 11 | उ0प्रा0वि0 जमीपुर कम्पो0 | प्रा0वि0 का मूल भवन, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 1.72 | 27/11/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 12 | प्रा0वि0 सराय मंगली | दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.17 | 27/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 13 | प्रा0वि0 ताजकपुर | विद्यालंय का मूल भवन | 0.49 | 28/11/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 14 | प्रा0वि0 सुमेरपुर द्वितीय | विद्यालय के मूल भवन का बरामदा, दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.3 | 28/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 15 | उ0प्रा0वि0 चिकन्दरपुर | एक कक्ष | 0.2 | 29/11/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 16 | उ0प्रा0वि0 कलानी कम्पो0 | प्रा0वि0 के दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.17 | 29/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 17 | उ0प्रा0वि0 देवारा कम्पो0 | प्रा0वि0 का मूल भवन एवं रसोईघर | 0.28 | 30/11/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 18 | प्रा0वि0 कुन्दनपुर | विद्यालय का मूल भवन | 0.65 | 30/11/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 19 | उ0प्रा0वि0 नया खेडा कम्पो0 | प्रा0वि0 का मूल भवन | 0.52 | 03/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 20 | उ0प्रा0वि0 टण्डसपुर | विद्यालय का मूल भवन | 1.48 | 03/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 21 | उ0प्रा0वि0 नारायनदास खेडा कम्पो0 | प्रा0वि0 का मूल भवन | 0.96 | 04/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 22 | प्रा0वि0 कल्यानपुर द्वितीय | तीन अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.5 | 04/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 23 | उ0प्रा0वि0 पकराखुर्द कम्पो0 | उ0प्रा0वि0 के मूल भवन का एक कक्षा-कक्ष, अतिरिक्त कक्ष | 0.42 | 05/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 24 | प्रा0वि0 गुलरिहा | मूल भवन, एक अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.45 | 05/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 25 | प्रा0वि0 अजीती खेडा | विद्यालय का मूल भवन, एक अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.64 | 06/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 26 | उ0प्रा0वि0 सैरमपुर कम्पो0 | उ0प्रा0वि0 का मूल भवन एवं रसोईघर, प्रा0वि0 का अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.16 | 06/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 27 | प्रा0वि0 रामपुर खरही | विद्यालय के मूल भवन के दो कक्षा-कक्ष | 0.12 | 09/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 28 | प्रा0वि0 थरि | रसोईघर | 0.11 | 09/12/2024 | दोपहर: 01:30 बजे से |
| 29 | उ0प्रा0वि0 ककरारी | उ0प्रा0वि0 का मूल भवन | 0.53 | 10/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 30 | प्रा0वि0 ककरारी | विद्यालय का मूल भवन | 0.81 | 10/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 31 | उ0प्रा0वि0 आकमपुर कम्पो0 | प्रा0वि0 का मूल भवन का बरामदा, एक कक्षा-कक्ष | 0.34 | 11/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 32 | प्रा0वि0 बिसरामऊ | तीन अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.3 | 11/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 33 | प्रा0वि0 नेवती | विद्यालय का मूल भवन | 0.52 | 12/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |
| 34 | उ0 प्रा0वि0 पोखरी कम्पो0 | दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 0.2 | 12/12/2024 | दोपहर 12:00 बजे से |
| 35 | उ0प्रा0वि0 डौडिया खेडा कम्पो0 | प्रा0वि0 के मूल भवन के दो कक्षा-कक्ष | 1.12 | 13/12/2024 | प्रात: 09:00 बजे से |

इच्छुक व्यक्ति जर्जर भवन का स्थलीय अवलोकन कर उसके आगणित मूल्य का 10 प्रतिशत धनराशि नियमानुसार जमा कर के नीलामी प्रक्रिया मे प्रतिभाग कर सकते हैं। ध्वस्तीकरण के दौरान किसी भी प्रकार के मानवीय एवं भौतिक क्षति का समस्त उत्तरदायित्व जर्जर भवन के केता का होंगा। नीलामी प्रक्रिया से सम्बंधित नियम व शर्ते, जिसका अनुपालन केता हेतु बाध्यकारी है, किसी भी कार्यदिवस मे बी0आर0सी0 सुमेरपुर / सम्बंधित विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं इनके नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा है। नोट- निर्धारित तिथि को किन्ही कारणोंवश नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न न हो पाने कि स्थिति मे दिनांक 17.12.2024 व 18.12.2024 को प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**सुमेरपुर, उन्नाव**


## भक्ति-भावना

श्रीराम कथा के पांचवें दिन हुआ श्रीराम के जीवन का वर्णन, श्री मां गंगा सेवा समिति और सनातन परिवार के तत्वाधान में हो रही है कथा

# श्रीराम का जीवन एक आदर्श पुत्र, भाई व पति का उदाहरण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


श्री राम कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। अमृत विचार


कथा का बखान करते सर्वेश महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डाकतार कालोनी में चल रही श्रीराम कथा के पांचवे दिन कथा वाचक सर्वेश महाराज ने श्रीराम के जीवन की प्रेरणादायक कथा सुनाई, जिसे सुनकर सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। यह श्रीराम कथा श्री मां गंगा सेवा समिति और सनातन परिवार के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

कथा वाचक सर्वेश महाराज ने श्रीराम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए उनके आदर्शों, संघर्षों और उनके धार्मिक कार्यों का गहन विश्लेषण किया। उन्होंने बताया कि श्रीराम का जीवन सिर्फ एक आदर्श राजा ही नहीं, बल्कि एक आदर्श पुत्र, भाई और पति का भी उदाहरण है। इस दौरान श्रीकांत पांडे, सुरेश दीक्षित, निर्भय मिश्रा, ओ पी पांडे, मुन्ना पांडे, गुड्डू पांडे, एसपी पांडेय, बबलू शुक्ला, लाला चौरसिया, विद्या प्रकाश मिश्रा, अभय सिंह, घनश्याम सिंह, बड़े बाजपेई, महेंद्र सिंह और राधेश्याम तिवारी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्रीराम के नाम का जाप किया और श्रीराम के जीवन से जुड़े महत्त्वपूर्ण प्रसंगों पर ध्यान केन्द्रित किया।

## एक नजर

### कवियों व साहित्यकारों का किया धन्यवाद

**उन्नाव।** शहर के चौरा रोड स्थित गार्डेन ग्रीन गेस्टहाउस में हुए कार्यक्रम के बीते दिनों हुए कार्यक्रम की प्रमुख साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था आचमन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रतीकचिह्न देकर सम्मनित किया गया। साथ ही संसार छोड़ गये कवियों व साहित्यकारों और समाजसेवियों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री आरपी वर्मा सरस व संरक्षक मुकेश सिंह, प्रो. मनोज श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार रामनरेश और संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विशिष्ट अतिथि गौसिया खान, अवधेश सिंह, कैलाश नाथ द्ववेदी, जय नारायण शुक्ल, अमरपाल सिंह, डा. केके मिश्र, मोहनी शंकर पाण्डेय, एके श्रीवास्तव, बालकृष्ण अवस्थी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी और फर्जी बैनामे में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** कानपुर मैदा बाजार निवासी राजीव शर्मा ने गंगाघाट क्षेत्र में जमीन खरीदने के लिए कुछ लोगों को रुपये दिए थे, लेकिन उन्हें जमीन नहीं मिली। राजीव शर्मा ने बताया कि उन्होंने आजाद नगर निवासी जंग बहादुर, बेबी सिंह और सरैयां निवासी कुसुमा निषाद को 3 लाख रुपये दिए थे। रुपये लेने के बावजूद जब उन्हें जमीन नहीं मिली, तो आरोपियों ने फर्जी प्लाट का बैनामा कर दिया। जब राजीव ने प्लाट का कब्जा लेने की कोशिश की, तो उन्हें पता चला कि प्लाट का कोई अस्तित्व नहीं था। आरोपियों ने 7 लाख रुपये और लिए, लेकिन जमीन नहीं दी।

### कब्रिस्तान की जमीन कब्जा करने पर एफआईआर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आलमनगर गंगा कटरी इलाके में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। आलमनगर में स्थित कब्रिस्तान के नाम पर लगभग साढ़े तीन बीघा जमीन दर्ज है, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया और जमीन की जोताई भी कर दी। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अहमदनगर निवासी सरवर हुसैन ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि आलमनगर स्थित कब्रिस्तान की आधी जमीन पीपर खेड़ा निवासी चंदन, परमसुख खेड़ा निवासी राजकुमार, राहुल और विजय ने कब्जा कर लिया था। सरवर ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने कब्रिस्तान की जमीन पर न केवल कब्जा किया, बल्कि उसे जुतवा दिया। सरवर हुसैन खान की तहरीर के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करने और भूमि को जोतने की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले बनवायें वोट

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर बूथों पर मौजूद रहे बीएलओ

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने 9, 10, 23 और 24 नवम्बर को बूथों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये थे। जिस पर शनिवार को गंगाघाट क्षेत्र के सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। जहां बीएलओ ने कई लोगों के फार्म भरवाये। वहीं नायब तहसीलदार ने बूथों का निरीक्षण किया।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को प्रशासन ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बने बूथों पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई। जहां सुबह से दोपहर तक बीएलओ बैठे रहे। ग्रामीण क्षेत्रों बूथों पर बीएलओ के मौजूद होने की लोगों को जानकारी नहीं थी। जिस कारण अधिकांश बूथों पर बीएलओ बैठे



द्वारिका मोहिनी बूथ पर बीएलओ से जानकारी लेतीं नायब तहसीलदार। अमृत विचार

- **नायब तहसीलदार ने बूथों का निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश**
- **आज व 23 और 24 नंवबर को भी बढ़वा सकेंगे वोट**

रहे। वहीं नगर के कुछ बूथों पर लोग पहुंचे। जहां मौजूद बीएलओ ने बूथों पर नाम बढ़वाने के लिए फार्म 6, नाम विच्छेदन कराने के लिए फार्म 8 व नाम संशोधन कराने के लिए फार्म 7 भरवाये। वहीं परियर नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने बूथों का निरीक्षण भी किया।

नायब तहसीलदार ने वताया कि रविवार को सभी बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया जायेगा। इसके अलावा इस माह की 23 व 24 नवम्बर को भी बूथों पर कैंप लगाया जायेगा। जिसमें 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले लोग अपना नाम बढ़वा सकते हैं।

# ट्रेन की चपेट में आकर यात्री घायल, घंटों तड़पता रहा

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह सीतापुर निवासी एक युवक ट्रेन से वापस जा रहा था, तभी गंगाघाट स्टेशन के पास वह लघुशंका करने के लिये ट्रेन से उतर गया। इस बीच वह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया। संसाधन न होने के कारण वह घंटों पड़ा काराहता रहा।

सीतापुर जदवापुर थाना सदरपुर निवासी 19 वर्षीय रवि कुमार अपने साथियों के साथ कानपुर में मजदूरी न मिलने के कारण लखनऊ जा रहा था। गंगाघाट स्टेशन पर ट्रेन आउटर पर रुकने के बाद रवि कुमार उतरा और लघुशंका करने के लिए ट्रैक के किनारे चला गया। इसी दौरान लखनऊ से कानपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रवि कुमार का दाहिना पैर टूट गया और उसे गंभीर चोटें आईं। वह ट्रेन की चपेट में आकर ट्रैक पर गिर पड़ा और घंटों



ट्रैक के किनारे कराहता घायल रवि।

- **लघुशंका करने के लिये ट्रेन से उतरा था और दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गया**

तड़पता रहा। उसके साथियों ने घटनास्थल पर आरपीएफ को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एएसआई गुप्तार सिंह ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण घायल युवक दर्द से कराहता रहा। बाद में, स्ट्रेचर मंगाकर उसे गंगाघाट स्टेशन लाया गया और फिर ट्रेन से जिला अस्पताल भेजा गया। रवि कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## सार-संक्षेप



गंगाघाट टाउन विद्युत सब-स्टेशन में होता मरम्मत कार्य। अमृत विचार

### मरम्मत के चलते 2 फीडरों की बंद रही बिजली

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** शनिवार को बिजली विभाग ने सरैयां स्थित गंगाघाट टाउन विद्युत सब-स्टेशन पर विद्युत संयंत्रों का रखरखाव कार्य के साथ ही मरम्मत कार्य किया। इस दौरान मिश्रा कॉलोनी और शक्तिनगर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। सुबह से शाम तक करीब 6 घंटे तक इन फीडरों से जुड़ी हजारों घरों की बिजली गुल रही, जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद व जेई अक्षय तिवारी की मौजूदगी में गंगाघाट टाउन सब-स्टेशन पर 10 एमवीए ट्रांसफार्मर और फीडर पैनल की टेस्टिंग की गई। इस दौरान मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, राजीव नगर खंती, गोताखोर, तेजीपुरवा, कर्बला, हुसैन नगर, मनसुख खेड़ा, गगनी खेड़ा, नेतुआ, सरैयां आदि मोहल्लों के अलावा शक्तिनगर फीडर से जुड़े सीताराम कॉलोनी, मनोहर नगर, शक्तिनगर व प्रेमनगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। विभाग ने ब्रेकर, पैनल और ट्रांसफार्मर जैसे विद्युत संयंत्रों का परीक्षण कर मेंटिनेंस वर्क किया। हालांकि, इस अनुरक्षण कार्य के चलते दोनों फीडरों के हजारों घरों में बिजली न होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। विभाग ने जल्द कार्य पूरा कर बिजली की आपूर्ति पुन: बहाल कर दी।



फोरलेन पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### कोचिंग जा रही छात्रा से शोहदे ने की अश्लीलता

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मरहला चौराहे पर शनिवार शाम एक छात्रा कोचिंग जाने के लिए साइकिल से जा रही थी, तभी फोरलेन स्थित ऋषि आश्रम के पास एक अज्ञात शख्स ने उससे छेड़खानी करते हुये अश्लीलता की। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। लोगों का कहना है कि दो पुलिसकर्मी बाइक से गुजरे लेकिन उन्होंने घटना पर कोई ध्यान नहीं दिया। पीड़िता के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कुछ देर तक हंगामा हुआ। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया है। उन्होंने कहा शोहदे के खिलाफ कार्यवाही कराने के लिये सीसीटीवी फुटेज देखेंगे। फुटेज के आधार पर युवक के खिलाफ कार्यवाही करायेंगे।




प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी प्रभारी सीडीओ। अमृत विचार

### बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ प्रचार वाहन रवाना

**उन्नाव।** मिशन शक्ति 4 .0 के तहत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के लिए महिला कल्याण विभाग (प्रोबेशन विभाग) की संचालित योजना का प्रचार वाहन रवाना हुआ। इस वाहन को विकास भवन परिसर से जिलाधिकारी प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान का उद्घाटन करते हुए सीडीओ ने कहा कि बेटियों के साथ हो रहे लैंगिक भेदभाव समाप्त करना, उनके प्रति समाज में ऐसा माहौल विकसित करना जिससे बेटियां जन्म लें तो उन्हें उन्हें समुचित प्यार मिले।

# जांच में खनन अवैध मिलने पर दी गई नोटिस

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** पुरवा तहसील क्षेत्र के केवनी गांव के खनन मामले में अब प्रशासन द्वारा भी कार्रवाई तेज की गई है। इसमें जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा विज्ञप्ति जारी कर खनन विभाग के अफसरों, निर्माणादायी संस्था के जिम्मेदारों के अलावा अन्य को नोटिस जारी कर तय समयावधि में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गए हैं।

बीते दिनों पीएनसी द्वारा पोकलैंड मशीन व डंपर लगाकर रात में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। वहीं इसी क्षेत्र के पास से लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन है। जिसे कार्यदायी संस्था पीएनसी बना रही है। बीते दिनों ग्रामीणों ने संस्था के ठेकेदारों व प्रधान पर बिना परमीशन ग्राम समाज की भूमि पर मिट्टी का अवैध खनन करने का आरोप लगा पोकलैंड को पकड़ लिया था। इसके बाद पीएनसी चालक की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान समेत एक दर्जन लोगों पर

- **जिलाधिकारी कार्यालय से जांच आख्या मिलने के बाद तलब किया गया स्पष्टीकरण**

केस दर्ज किया था। अवैध खनन की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा स्थलीय जांच की गई, जिसमें केवनी गांव में मिट्टी खनन पाया गया। जिसकी जांच आख्या पर खनन कार्यदायी संस्था पीएनसी द्वारा किया गया है। जो शासन की जांच में अवैध खनन की श्रेणी में आता है। जिस पर पीएनसी के प्रतिनिधि को उप खनन अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। साथ ही खनन में ग्रामीणों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित किये जाने के दृष्टिगत अपराध पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। वहीं, मारपीट किये जाने के संबंध में पीएनसी चालक की तहरीर पर थाना असोहा में तीन नामजद व 10-12 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# आदर्श जीवन जीना सिखाती है श्रीराम की कथा : देवकी नंदन



रामलीला मैदान में कथा सुनाते कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर।



कथा में मौजूद लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के साकेत धाम रामलीला मैदान में चल रही श्रीराम कथा में शनिवार को तीसरे दिन राम कथा के दौरान कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने कथा श्रोताओं को श्रीराम के आदर्श पूर्ण जीवन की कथा सुनाई और उनके गुणों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

उन्होंने श्रीराम के चरित्र, उनके आदर्शों और उनकी मर्यादा की चर्चा करते हुए। बताया कि रामजी ने अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए कितने कठिन संघर्षों का सामना

- **शहर के साकेत धाम रामलीला मैदान में चल रही कथा**
- **कथा सुनने को उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़**

किया। श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म और न्याय की रक्षा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक है, और यह हमें सिखाता है कि अपने जीवन में धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए। कथा वाचक ने सभी भक्तों को धर्म की रक्षा के लिए सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में भी धर्म की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध रहना आवश्यक है। वहीं अयोध्या से आये पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य समलित हुए। उन्होंने कहा सनातन धर्म बोर्ड की स्थापना के महत्व पर जोर देते हुए। सभी भक्तों को आने वाले 16 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली तृतीय सनातन धर्म संसद में बड़ी संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। इस मौके पर सदर विधायक पंकज गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सियाप्यारी गुप्ता, अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, आयोजक अमित गुप्ता अंशू, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, अंजू गुप्ता, दीप्ति गुप्ता आदि रहे।

# परीक्षित श्राप और ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी कस्बे के सुभाष नगर पश्चिमी आर्यावर्त बैंक के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के चौथे दिन परीक्षित श्राप व ध्रुव चरित्र कथा का वर्णन करके भक्तों को निहाल किया गया।

कथा के प्रवक्ता आचार्य अवधेश पांडेय ने चौथे दिन परीक्षित श्राप व भक्त ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार राजा परीक्षित शिकार के लिए वन में गए। वन्य पशुओं के पीछे दौड़ने के कारण वे प्यास से व्याकुल हो गए व जलाशय की खोज में इधर उधर घूमते घूमते वे शमीक ऋषि के आश्रम में पहुंच गए। वहां पर शमीक ऋषि नेत्र बंद किए हुए व शांतभाव से एकासन पर बैठे हुये ब्रह्मध्यान में लीन थे। राजा परीक्षित ने उनसे जल मांगा कितु ध्यानमग्न होने के कारण शमीक ऋषि ने कुछ भी उत्तर नहीं दिया। सिर पर स्वर्ण मुकुट पर निवास करते हुए कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित को प्रतीत हुआ कि यह ऋषि ध्यानस्थ होने का ढोंग कर के मेरा अपमान कर रहा है। उन्होंने अपने अपमान का बदला लेने के उद्देश्य से पास ही पड़े हुये एक मृत सर्प को अपने धनुष की नोक से उठा कर ऋषि के गले में डाल दिया और अपने नगर वापिस लौट आए। आचार्य ने बताया कि शमीक ऋषि तो ध्यान में लीन थे उन्हें ज्ञात ही नहीं हो पाया कि उनके साथ राजा ने क्या किया है, कितु उनके पुत्र ऋंगी ऋषि को जब इस बात का पता चला तो उन्हें राजा परीक्षित पर बहुत क्रोध आया। ऋंगी ऋषि ने सोचा कि यदि यह राजा जीवित रहेगा तो इसी प्रकार ब्राह्मणों का अपमान करता रहेगा।

इस प्रकार विचार करके उस ऋषिकुमार ने कमंडल से अपनी अंजुल में जल ले कर तथा उसे मंत्रों से अभिमंत्रित करके राजा परीक्षित को यह श्राप दे दिया कि जा तुझे आज से सातवें दिन तक्षक सर्प डसेगा। कुछ समय बाद शमीक ऋषि के समाधि टूटने पर उनके पुत्र ऋंगी ऋषि ने उन्हें राजा परीक्षित के कुकृत्य और अपने श्राप के विषय में बताया। उन्होंने कहा अरे मूर्ख! तूने घोर पाप कर डाला। जरा सी गलती के लिए तूने उस भगवत भक्त राजा को घोर श्राप दे डाला। मेरे गले में मृत सर्प डालने के इस कृत्य को राजा ने जान बूझ कर नहीं किया है। उस समय वह कलियुग के प्रभाव में था। उसके राज्य में प्रजा सुखी है और हम लोग निर्भीकतापूर्वक जप, तप, यज्ञादि करते रहते हैं। अब राजा के न रहने पर प्रजा में विद्रोह, वर्ण संकरतादि फैल जाएगी और अधर्म का साम्राज्य हो जाएगा। यह राजा श्राप देने योग्य नहीं था पर तूने उसे श्राप देकर घोर अपराध किया है। कहीं ऐसा न हो कि वह राजा स्वयं तुझे श्राप दे दे, किंतु मैं जानता हूं कि वे परम ज्ञानी है। वही इसके बाद आचार्य ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाई जिसमें अपने पिता की गोद मे बैठने जाते वक्त उसकी सौतेली माँ सुरुचि को अपने सौभाग्य का इतना अभिमान था कि उसने ध्रुव को डांटा- और कहा गोद में चढ़ने का तेरा अधिकार नहीं है। अगर इस गोद में चढ़ना है तो पहले भगवान का भजन करके इस शरीर का त्याग कर और फिर मेरे गर्भ से जन्म लेकर मेरा पुत्र बन।'' तब तू इस गोद में बैठने का अधिकारी होगा। इस कथा के दौरान यजमान पं.चंद्रप्रकाश पांडेय व राजवती पांडेय, राम प्रकाश पाण्डेय, पूनम मिश्रा, राधिका, शैलजा आदि रहीं।

# समाधान दिवस :1 भी समस्या नहीं निपटी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। इस दौरान नायब तहसीलदार परियर पहुंची। जहां उन्होंने फरियादियों की फरियाद सुनीं। सभी राजस्व के मामले होने पर किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका।

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दोपहर के समय नायब तहसीलदार



गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते इंस्पेक्टर। अमृत विचार

- **नायब तहसीलदार ने सुनी समस्याएं, निस्तारण नहीं**

परियर पूर्णिमा तिवारी पहुंची। जहां उन्होंने समस्याएं सुनी। कुल 10 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। सभी मामले राजस्व से संबंधित थे, मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। जिस पर नायब तहसीलदार ने संबंधित राजस्व कर्मियों को निस्तारण के लिये सौंपा है। वहीं मामलों का निस्तारण न होने से फरियादी मायूस होकर वापस लौट गये।

# चिपकने वाली टॉफी व च्युइंगम बच्चों की जान का बना दुश्मन

- **बीते रविवार कानपुर में बच्चे की टॉफी खाने से हुई थी मौत**

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** यदि आप अपने बच्चों और लाडली बिटिया को टॉफी, चॉकलेट, जेली या च्युइंगम दिलाकर खुश होते हों तो आज से ही इसमें बदलाव लाने की जरूरत है। क्योंकि इससे आपके बच्चे की जान जोखिम में पड़ सकती है। यकीन न हो तो बीते रविवार कानपुर में पांच वर्षीय बच्चे के बारे में पता कर लीजिए। जिसके गले में टॉफी फंसने से उसकी जान चली गई।

चिकित्सकों का मत है कि बच्चों को हमेशा ऐसी चीजों से दूर रखना चाहिए। एक से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए टॉफी, च्युइंगम और जेली खतरनाक हो सकती है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मुशीर अहमद के मुताबिक बच्चे जब कुछ खाते हैं तो वो वह एक नली के माध्यम से खाने की नली में जाता है। उसी नली से स्वांस नली की ट्रेकिया भी जुड़ी होती है।

ऐसे में टॉफी, च्युइंगम व अन्य कोई बीज ट्रैकिया में फंसने से सांस बाधित होकर मौत का कारण बन सकती है। चिकित्सक ने यह भी बताया कि छोटे बच्चों को हमेशा खाने में ऐसी चीज देने बचना चाहिए। जो उनके गले में फंस सकती है। जैसे मटर, मूंगफली दाना, सिक्के व च्युंगम तथा टॉफी। छोटे बच्चे अक्सर बिना चबाएं ही खा जाते हैं। जिससे उनका गला बंद हो सकता है। पांच वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को यह चीज देने से बचना चाहिए। ताकि बच्चे सुरक्षित रहें।

### अगर ऐसी स्थिति में हो बच्चा तो क्या करें

- अगर किसी चीज को मुंह में डालने से बच्चे का गला चोक या बंद हो जाए तो तुरंत उसका मुंह खुलवाएं।
- गले में फंसी हुई चीज साफ दिखाई दे रही है तो मुंह में अंगुली डालकर उसे निकालने की कोशिश करें।
- गले में फंसी चीज नहीं दिख रही हो तो अंगुली डालने की कोशिश न करें। वरना यह चीज और फंसेगी।

**गोपाष्टमी** खील, बतासे, चावल, रोली से की पूजा, महिलाओं व पुरुषों ने गोवंश के प्रति दिखाई श्रद्धा

# गोवंशों की पूजा कर खिलाया गुड़ और चना

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कार्तिक माह की गोपाष्टमी के अवसर पर शुक्लागंज नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। महिलाओं ने गोवंशों का पूजन कर, उनके प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

नगर और गांवों में स्थित मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन हुआ, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दिन को लेकर महिलाएं विशेष रूप से गाय-बछड़ों का पूजन करती हैं। सामूहिक रूप से गीत गाती हुई महिलाएं जल में हल्दी डालकर गाय और बछड़ों को अर्घ्य देती हैं और खील, बतासे, चावल, रोली से उनकी पूजा करती हैं। इसके बाद



गोपाष्टमी पर गोवंश की पूजा अर्चना करते योग शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

गोवंश को गुड़, चना, दाल, हरा चारा खिलाया गया।

चंपापुरवा स्थित कान्हा गौशाला में पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और संदीप पांडे ने विधिपूर्वक गोवंशों की पूजा की और उन्हें गुड़, चना व हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर सभासद और अन्य पालिका कर्मी भी उपस्थित रहे। वहीं शंकरपुर सरॉय स्थित रामलीला मैदान में भी गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां पर गौ पूजन और गौ सेवा का आयोजन हुआ, जिसमें सभी लोग सुबह के योग सत्र में शामिल हुए और फिर गौवंशों को स्वादिष्ट आहार जैसे गुड़, चना, खीर, पुड़ी आदि दिए गए। अन्ना गोवंश को भी आहार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में योग शिक्षक पवन अवस्थी, उमाशंकर यादव, श्याम दुलारे अवस्थी, नितिन अवस्थी, कवि राजेश निगम, सचिन अवस्थी, प्रमोद त्रिवेदी, अतुल अवस्थी, केशव परिहार राम, बसंत लाल लोधी, पवन त्रिवेदी, अंजू तिवारी, श्रेष्ठ अवस्थी, पार्थ त्रिवेदी, हरी शंकर मंगलम, ऐश्वर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



परिवार को दवा देते प्रभारी चिकित्साधिकारी।

# डेंगू मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** शनिवार को श्रीनगर में एक डेंगू मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है।

श्रीनगर निवासी उमेश चन्द्र तिवारी का बेटा सत्यम डेंगू से ग्रसित पाया गया। जिसकी सूचना सीएमओ कार्यालय उन्नाव से न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अल्तमश खान को दी गई। इस पर पीएचसी प्रभारी और स्वास्थ्य कर्मी सिद्धार्थ बाजपेयी ने टीम के साथ मरीज के घर जाकर उसकी जांच की और डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, डॉ. अल्तमश ने क्षेत्र में एंटी लार्वा दवा छिड़काव करने के लिए आशा और एएनएम को निर्देशित किया। इन कर्मियों को मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए दवाएं छिड़कने का कार्य सौंपा गया, ताकि डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सके।

### एनजीटी ने मुख्य सचिव से जिलों में एसटीपी को लेकर मांगा हलफनामा

# खुलासा: गंगा का पानी आचमन के काबिल नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने कहा है कि प्रदेश में सीवेज के कारण गंगा का पानी पीने और आचमन के योग्य नहीं रह गया है। ट्रिब्यूनल ने राज्य के मुख्य सचिव को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है जिसमें विभिन्न जिलों में प्रत्येक नाले सीवेज और सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) के बारे में जानकारी देनी होगी।

गंगा नदी की सफ़ाई पर अब तक करीब 13,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा खर्च हो चुके हैं। जनवरी में प्रयागराज महाकुंभ के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। गंगा में प्रदूषण को लेकर नई दिल्ली में एनजीटी ने असंतोष जाहिर करते हुए उप्र के मुख्य सचिव को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसमें विभिन्न जिलों में प्रत्येक नाले, सीवेज और सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) के बारे में जानकारी देनी मांगी गई है।

एनजीटी ने इससे पहले गंगा में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण पर विचार करते हुए उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से अनुपालन रिपोर्ट मांगी थी। 6 नवंबर के आदेश में एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट के अनुसार, प्रयागराज जिले में सीवेज शोधन में 128 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) का अंतर है। इसके अलावा 25 नालों से गंगा में बिना शोधित सीवेज गिरता है, जबकि 15 नालों से बिना शोधित सीवेज यमुना में बहता है।

पीठ में जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए संथिल वेल भी शामिल हैं। ट्रिब्यूनल ने कहा, "हमने पाया है कि केंद्रीय नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की 22 अक्टूबर की रिपोर्ट में बताए गए 326 नालों में से 247 नाले बिना शोधित 3,513.16 एमएलडी सीवेज गंगा और सहायक नदियों में गिरा रहे हैं।" एनजीटी ने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि "हलफनामे में उन अल्पकालिक उपायों का भी जिक्र किया जाए, जो एसटीपी के पूरी तरह काम करने तक प्रत्येक जिले में नदी में बिना शोधित सीवेज बहाने से रोकने के लिए अपनाए जाएंगे।"

#### सितंबर में भी एनजीटी ने की थी टिप्पणी

इसके पहले 25 सितंबर 2024 को एनजीटी ने गंगा–यमुना में प्रदूषण पर उच्चस्तरीय कमेटी बनाई थी। एनजीटी ने तब भी कहा था कि गंगा का पानी पीने और आचमन के योग्य नहीं है।

#### फैक्ट फाइल

- गंगा नदी की सफ़ाई पर अब तक करीब 13,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा खर्च हो चुके हैं
- साल 1986 से 2014 के बीच गंगा की सफ़ाई पर करीब 200 बिलियन रुपये खर्च हुए
- साल 2014 से अब तक गंगा की सफ़ाई पर करीब 130 बिलियन रुपये खर्च हुए
- केंद्र सरकार ने गंगा की सफ़ाई के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम की शुरुआत साल 2014 में की थी
- साल 2021 तक गंगा और उसकी सहायक नदियों का कायाकल्प करने का लक्ष्य रखा गया था
- बाद में 31 मार्च, 2026 तक के लिए बढ़ा दिया गया
- गंगा की सफ़ाई समेत घरेलू और औद्योगिक सीवेज रोकने के लिए एसटीपी और सीईटीपी का निर्माण में उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और उत्तराखंड ने बजट खर्च किए

## दरोगा ने की ठगों से साठगांठ, एसएसपी देंगे कोर्ट को जवाब

**बरेली :** थाना फरीदपुर में तैनात दरोगा ने धोखाधड़ी के एक मामले में नौ महीने बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। सीओ के निर्देश भी हवा में उड़ा दिए। अब पीड़ित की याचिका पर हाईकोर्ट ने एसएसपी को हलफनामा दाखिल कर आरोपियों की गिरफ्तारी में इतनी देरी होने का कारण बताने का आदेश दिया है।

फरीदपुर के मोहल्ला कानून गोयान में रहने वाले हरवंश सिंह ने 7 मार्च 2024 को घारमपुर निवासी सगीर खां, नूर मोहम्मद, हशमती, नाबिर खां और नाबिद खां समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर 16 जून 2023 को उन्हें जमीन का बैनामा कर दिया था। आरोपियों ने जमीन को पाकसाफ बताया था लेकिन बाद में पता चला कि जमीन किसी और की थी। तत्कालीन एसएसपी के आदेश पर इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दरोगा मुनेंद्र पाल को विवेचना दी गई थी। आरोप है कि दरोगा ने नौ महीने गुजरने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि नाबिर खां को छोड़कर सभी आरोपी गिरफ्तारी के खिलाफ स्टे ले आए।

# मंदिर में 600 व परकोटा निर्माण खर्च होंगे 800 करोड़ : नृपेंद्र मिश्र

अयोध्या कार्यालय


संग्रहालय में बैठक के बाद बाहर निकलते हुए नृपेंद्र मिश्र और अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर के निर्माण में सबसे ज्यादा खर्च परकोटे के निर्माण में आ रहा है। मंदिर के निर्माण में लगभग 600 करोड रुपये लग चुके हैं। परकोटे में 800 करोड रुपये की लागत आ रही है। राम मंदिर की भव्यता में परकोटा का निर्माण अब सबसे बड़ी चुनौती है। जिसमें मंदिर से भी अधिक पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। ये बातें शनिवार को मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहीं। वह राम जन्मभूमि परिसर में चल रही मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक समाप्त होने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि परकोटे में सबसे ज्यादा कार्य है। जिसमें मिटेरियल, मजदूर और धनराशि सभी का कार्य है। उन्होंने बताया कि बैठक में राम मंदिर परिसर में बन रहे सप्त मंदिर की भी समीक्षा की गई है। शेषावतार मंदिर के भी निर्माण की समीक्षा की गई और आवश्यक कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को अवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। अध्यक्ष मिश्र ने बताया कि परिसर में बन रहे सभागार, विश्राम गृह और ट्रस्ट के प्रशासनिक कार्यालय सभी का टेंडर जारी हो चुका है। इन सभी का निर्माण कार्य 20 नवंबर से शुरू हो जाएगा। निर्माण में जो भी तकनीकी चुनौती थी, उसको पूरा कर लिया गया है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पूरा करने का जो लक्ष्य रखा गया था, उसमें तीन माह और लग रहे हैं। अब सितंबर 2025 तक राम मंदिर का निर्माण पूरा होगा। इस मौके पर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

#### रामलला 20 से ओढ़ेंगे रजाई

**अयोध्या।** श्रीरामलला को अगहन की पंचमी 20 नवम्बर से रजाई ओढ़ाई जाएगी। तभी से गुनगुने जल से स्नान भी प्रारम्भ होगा और भोग में से ठंडी चीजें हटाई जाएंगी। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने शनिवार को बताया कि आवश्यकतानुसार कंबल अथवा रजाई का उपयोग होता है। मुख्य अर्चक ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ–साथ जैसे हम लोगों के खान–पान, पहनावे में धीरे–धीरे परिवर्तन होता है। वैसे ही प्रभु रामलला के भोग और वस्त्रों में बदलाव होता है। आम तौर पर अगहन की पंचमी से श्रीविग्रह को रजाई उढ़ाई जाती है। अधिक ठंड बढ़ने पर ब्लोवर भी लगाया जाता है।

## कूच बिहार ट्रॉफी: यूपी हारा, एमपी की जीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कूच बिहार ट्रॉफी में मध्य प्रदेश (एमपी) की टीम ने उत्तर प्रदेश (यूपी) को 297 रन के विशाल अंतर से हराकर मैच जीत लिया।स मैच के चौथे और अंतिम दिन शनिवार को 475 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे यूपी के बल्लेबाज 177 पर ऑल आउट हो गए। एमपी की टीम ने यूपी को 297 रनों से हरा दिया। यूपी की टीम दूसरी पारी में शुक्रवार को अपने स्कोर 139 में सिर्फ 38 रन ही जोड़ सकी। 15 चौकों की मदद से 145 गेंदों पर शतक लगाने वाले एमपी के रुद्रांश सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के तत्वावधान में बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कूच बिहार ट्राफी के मैच के चौथे और अंतिम दिन शनिवार को खेल की शुरुआत अक्षु बाजवा और किशन कुमार सिंह ने की। दोनों ने कमजोर गेंदों को तेज तर्रार शॉट खेले। आउट होने से पहले अक्षु ने 58 गेंदों पर 44 रन बनाए। नौ विकेट गिरने के बाद किशन कुमार ने अंकुर शर्मा के साथ मोर्चा संभाला लेकिन आयाम सरदाना की गेंद पर मनोज चौहान ने किशन कुमार का कैच लेकर यूपी की अंतिम उम्मीद भी खत्म कर दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एसएसपी अनुराग आर्य और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने रुद्रांश को मैन आफ द मैच की ट्रॉफी दी। इंजीनियर सुभाष मेहरा, बीसीए के अध्यक्ष सरफराज वली खां, उपाध्यक्ष राजन मनोहर, वरिष्ठ सचिव ओपी कोहली, संयुक्त सचिव राहुल कपूर, शहजाद अली, डॉ. सोवन मोहंती, डॉ. शोभित सक्सेना, मनीष सिंह, नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, यूसुफ अंसारी आदि रहे।

## फिल्म फेस्टिवल का पोस्टर किया लांच

**अयोध्या:** धर्मनगरी में 7-9 दिसंबर तक होने वाले 18वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज सभागार, उसरू में आयोजन समिति द्वारा शनिवार को इस तीन दिवसीय फिल्म समारोह के आधिकारिक पोस्टर की लांचिंग की गई। फिल्म फेस्टिवल के प्रवक्ता जर्नादन पांडेय ने बताया कि इस बार आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है।

जिसमें फिल्म और कला जगत से जुड़ी हस्तियों के साथ सीधा संवाद और फिल्म निर्माण की बारीकियों को सीखने का अवसर सिनेप्रेमियों को मिलेगा।

18वें अयोध्या फिल्म समारोह में 'भारतीय धरोहर' विषय पर फिल्म निर्माण प्रतियोगिता रखी गई है। समारोह में आयोजन समिति के अमनदीप सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र वर्मा, सनप्रीत सिंह, सचिन गुप्ता, विवेक पांडेय आदि ने अपनी बात रखी।

## सिंचाई विभाग के रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता पर दर्ज हुई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विजिलेंस की जांच में आय से ज्यादा पाई गई संपत्ति
- 6 साल पहले हुए थे सेवानिवृत्त गिरफ्तारी की तैयारी

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता देवराज नौकरी में रहते हुए करोड़ों की काली कमाई करने के मामले में फंस गए हैं। जांच में आय की तुलना में ज्यादा संपत्ति पाए जाने के बाद विजिलेंस के इंस्पेक्टर ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। अब उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी की जा रही है।

शाही के गांव कुल्छा निवासी देवराज 6 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे और अब अपने गांव में ही रह रहे हैं। उनके खिलाफ पिछले साल आय से ज्यादा संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें हुई थीं। अधिकारियों के आदेश पर विजिलेंस के इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने जांच शुरू की तो पता चला कि देवराज ने अपने सेवाकाल में वेतन और दूसरे वैध स्रोतों से 2 करोड़ 31 लाख 52 हजार 94 रुपये अर्जित किए थे लेकिन परिवार के भरण पोषण और संपत्तियों की खरीददारी पर 3 करोड़ 33 लाख 29 हजार 987 रुपये खर्च किए। जांच के बाद इंस्पेक्टर अरविंद सिंह ने आय से अधिक अर्जित किए गए 1 करोड़ 1 लाख 77 हजार 893 रुपये की कमाई का स्रोत पूछा तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। विजिलेंस ने देवराज को नोटिस भी भेजा गया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। शनिवार को इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बरेली सेक्टर के थाना विजिलेंस में तहरीर देकर देवराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी।

#### गांव के लोगों पर अफसरी झाड़ना पड़ा भारी

देवराज सरकारी नौकरी से छह साल पहले रिटायर होने के बाद अब अपने पैतृक गांव कुल्छा में ही रह रहे हैं। बताया जाता है कि रिटायर होने के बाद भी अफसरी का रौब कम नहीं हुआ और उन्होंने एक के बाद एक गांव के लोगों से पंगा लेना शुरू कर दिया। नतीजा यह हुआ कि गांव के कुछ लोगों ने आय से ज्यादा संपत्ति अर्जित करने के मामले में न सिर्फ उनके खिलाफ एक के बाद एक कई शिकायतें कीं बल्कि उन पर जांच कराने के लिए लखनऊ तक की दौड़ लगाई। आखिरकार देवराज के खिलाफ 10 जून 2024 को विजिलेंस जांच का आदेश दे दिया गया। देवराज के खिलाफ पहले गोपनीय और फिर खुली जांच की गई। इसमें पाया गया कि देवराज ने अपनी नौकरी जमकर काली कमाई की। कई एकड़ खेती के साथ तमाम प्लॉट भी उनके और उनके परिजनों के नाम निकले जिन्हें उन्होंने भेंट में मिला बता दिया। हैरतअंगेज ढंग से अलग–अलग बैंकों में उनके 24 खाते भी पाए गए जिनके बारे में वह कोई जवाब नहीं दे पाए।

## नर्सों को सदैव अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार रहना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह हुआ

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज/स्कूल ऑफ नर्सिंग में बीएससी, जीएनएम और एएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह में अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली।

मुख्य अतिथि एसडीएम सदर गोविंद मौर्य और विशिष्ट अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल और प्रति कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को सदैव सेवाभाव से मरीजों की देखभाल करने का संदेश दिया। रेनुका पॉली दास, चन्द्र प्रभा जोशी, अश्विनी सिंह और करिश्मा गोस्वामी ने दीप की रोशनी छात्र-छात्राओं को प्रज्ज्वलित करवाई। प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह एवं उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी ने शपथ दिलाई। वार्षिक रिपोर्ट असि. प्रोफेसर शिखा सिंह ने प्रस्तुत की। नर्सिंग ट्यूटर महिमा सिंह ने फ्लोरेंस नाइटिंगल के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. केशव अग्रवाल और डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि नर्सों को सदैव अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार रहना चाहिए। डॉ. लता अग्रवाल और डॉ किरन अग्रवाल ने साक्षरता का महत्व बताया। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के एमएस डॉ. रजनीश पठानिया, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान, सभी विभागों के प्रधानाचार्य, असिस्टेंट प्रो. अकांक्षा ई. इमानुएल, प्रो. वेल्लादुरई नारायन, प्रतिभा चरन, गुंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

## यूपी ग्रामीण बैंक हो सकता नाम!

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक प्रदेश एक ग्रामीण बैंक योजना के तहत ग्रामीण बैंकों की विलय की प्रक्रिया चौथे चरण में

**अमृत विचार:** एक प्रदेश एक ग्रामीण बैंक योजना के तहत यूपी के ग्रामीण बैंकों का आपस में विलय करने की प्रक्रिया के चौथे चरण में उनका संयुक्त नाम तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बैंक अधिकारियों के अनुसार फिलहाल "यूपी ग्रामीण बैंक" नाम पर सहमति बनने की संभावना है। विलय की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है और यह योजना अगले वित्तीय वर्ष में लागू हो सकती है।

उत्तर प्रदेश में फिलहाल आर्यावर्त बैंक, प्रथमा ग्रामीण और उत्तर प्रदेश बड़ौदा ग्रामीण समेत तीन ग्रामीण बैंक संचालित है। इनमें है। मजबूत और केंद्रीकृत बैंक बनाने के लिए इन तीनों का विलय किया जा रहा है, ताकि इन बैंकों की कार्यप्रणाली को कुशल बनाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं को बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सके। एक प्रदेश एक ग्रामीण बैंक की योजना का उद्देश्य छोटे बैंकों की शाखाओं को एक मजबूत बैंक में समाहित कर उनकी दक्षता बढ़ाना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। इससे प्रदेश में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में मदद मिलेगी।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक विलय की प्रक्रिया का अब चौथा चरण चल रहा है जिसमें विलय के बाद एकीकृत नाम के अलग-अलग विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि बैंक का नाम ऐसा हो जो प्रदेश की पहचान को बेहतर तरीके से दर्शा सके और ग्राहकों के बीच विश्वास पैदा कर सके। अगले कुछ महीनों में विलय की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस बदलाव की घोषणा की जाएगी। आरएम वीके ठाकुर ने बताया कि जल्द ही संबंध में प्रबंधन और वित्त मंत्रालय के बीच चर्चा हो सकती है।

## कच्चा बिल थमाते ही खुल गई टैक्स चोरी की 'कुंडली'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पांच करोड़ के टर्न ओवर वाले साड़ी कारोबारी का टैक्स चोरी का खेल पकड़ने के लिए जीएसटी की एसआईबी टीम ने भी अलग खेल रच डाला। ग्राहक बनकर पहुंचे टीम के सदस्यों ने उससे 12 सौ रुपये की एक साड़ी खरीदी और कारोबारी ने जब उन्हें उसका कच्चा बिल थमाया तब अपना परिचय देकर छानबीन शुरू की। प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की पुष्टि होने पर टीम ने 43 लाख का माल जब्त कर लिया। साथ ही कारोबारी से मौके पर ही छह लाख रुपये भी जमा करा लिए।

एसआईबी की टीम शनिवार शाम नगरिया कला स्थित रेडिमेड गारमेंट के थोक कारोबारी मोहम्मद इकराम की रब जरी आर्ट नाम की फर्म के गोदाम पर पहुंची थी। एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह के अनुसार कारोबारी दिल्ली और कानपुर से होलसेल रेट में साड़ियां लाने के बाद उस पर जरी का काम कराने के बाद थोक में बेचता है। हर साल पांच करोड़ का माल बिकता है, मगर ग्राहकों को कच्चे बिल देकर नाममात्र का टैक्स जमा किया जाता है। टैक्स चोरी के लिए कारोबारी दिल्ली और कानपुर की फर्जी फर्मों के बोगस बिल पर फर्जी आईटीसी के जरिए टैक्स समायोजित करा रहा था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ा विकास खण्ड मौदहा हमीरपुर**

पत्रांक / 59 /निविदा प्रकाशन /मनरेगा/ 2024–25 दिनांक: 09.11.2024

अल्पकालीन निविदा प्रकाशन

ग्राम पंचायत गढ़ा में मनरेगा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/ लो0नि0वि0/सि0वि0/ आयकर / व्यापार कर / ग्राम पंचायत / विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ सप्लायरो से मुहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसो मे प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 10.11.2024 से 24.11. 2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदाये दिनांक 25.11.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोले जायेगे ।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि रू0 में जी0एस0टी0 सहित | समग्री अंश (रू0 में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य राजबहादुर के दरवाजे से बरमदेव स्थान तक | 1400877 .00 | 1160543 .00 | 23211.00 | 1350+18 प्रतिशत | 03 माह |

निविदा हेतु शर्ते रू–
1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0 / डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत गढा वि0ख0 मौदहा–हमीरपुर के नाम बंधक / देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकर दाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016–176 (सा0)/06 दिनांक 28.122006 के अनसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. प्रथक–प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने हो गे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदाये निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33–3–2022–11/2022 पंचायतीराज अनुभाग–3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 मे वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अडतीस–7–2022–63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
12. प्रत्येक दशा मे निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाये निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

सोनम सिंह
प्रधान ग्रा0पं0 गढ़ा

नितेश कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी ग्रा0 पं0–गढा

**उमड़ी आस्था** — परिक्रमा के लिए एक दिन पहले ही पहुंच गए थे लाखों की संख्या में भक्त

# राम मंदिर समेत 5000 मंदिरों की एक साथ ऐतिहासिक परिक्रमा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार हो रही 14 कोसी परिक्रमा में आए श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है। कड़ी सुरक्षा के बीच कार्तिक शुक्ल अक्षय नवमी तिथि पर 6 बजकर 32 मिनट से एक घंटे पहले ही लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा प्रारम्भ कर दी। यह राम मंदिर समेत 5000 मंदिरों की एक साथ होने वाली ऐतिहासिक परिक्रमा है। अयोध्या धाम परिधि के 42 किलोमीटर की परिक्रमा भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु नंगे पांव परिक्रमा कर रहे थे।

अयोध्या में परिक्रमा के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचे हैं। कुछ तो एक दिन पहले ही यहां डेरा जमा लिए थे। शुक्रवार शाम होने तक सरयू घाटों से लेकर मठ-मंदिर भक्तों से गुलजार हो उठे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने गुरु स्थानों, मठ-मंदिर, आश्रम व धर्मशालाओं में आकर रुक गए थे। सुबह सरयू स्नान कर विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया और शाम होते ही परिक्रमा शुरू कर दी।

**सजी दुकानें, जलपान शिविर भी लगे:** परिक्रमा मेला रामनगरी का पावन पर्व है, जिसमें बड़ा मेला लगता है। इसमें जगह-जगह विभिन्न प्रकार की अस्थायी दुकानें सजती हैं जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करती हैं। वहीं श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह सेवा शिविर भी लगाए गए हैं। जलपान से लेकर चिकित्सा के पूरे इतंजाम परिक्रमा पथ पर खूब किए गए हैं।

**रामलला का दर्शन कर शुरू की परिक्रमा:** श्रद्धालु अमरेंद्र गुप्ता ने बताया कि मैंने परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने के बाद परिक्रमा शुरू की है। सौभाग्य है राम मंदिर में रामलला विराजमान हैं और हमारा परिवार उनकी परिक्रमा कर रहा है।

#### 12 अस्थाई शिविर और जगह-जगह लगीं एंबुलेंस

- 14 कोसी परिक्रमा को लेकर अस्थाई 12 प्राथमिक उपचार केंद्र बनाये गए हैं। इनमें हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हलकारा का पुरवा, दर्शननगर, अचारी का सगरा, जनौरा, सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, अफीम कोठी, अमानीगंज, चकरतीरथ और झुनकी घाट शामिल हैं। 14 जगहों पर एम्बुलेंस की तैनाती की गई है। पूरे कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में 20–20 व श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित रखा गया है।

#### कंट्रोल रूम में दे सकते हैं सूचना

- परिक्रमा मेले में किसी प्रकार की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया गया है। यहां किसी भी प्रकार की सूचना–जानकारी दी व ली जा सकती है। मोबाइल नंबर 9120989195 व 05278–232043, 232044, 46, 47 है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए इस नंबर पर फोन किया जा सकता है। मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव से 9454402642 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

#### राम का नाम लेते हुए करनी चाहिए परिक्रमा

- रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि 14 कोसी परिक्रमा करने से यश, वैभव और कीर्ति भी बढ़ती है। राम नाम करते हुए इस परिक्रमा को पूरा करना चाहिए। 14 कोसी परिक्रमा करने से पाप मुक्त होते हैं।

"तैयारिया पूरी हैं। चार–पांच दिन में संबंधित विभागों ने मार्गों को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। बहुत बड़ी संख्या में लोग अयोध्या पहुंचे हैं। हमारी पूरी कोशिश है कि किसी को परेशानी न होने दी जाए।

–गौरव दयाल, मंडलायुक्त।

भीड़ को नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है। लाखों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। सारी व्यवस्थाएं देखी जा रही है। पिछली बार से भी अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

–प्रवीण कुमार, आईजी।"

